जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



It's Better To Know The King Cobra

Despite their privileged position in the food chain, king cobras are categorized as 'vulnerable' by the International Union for Conservation of Nature (IUCN), threatened mostly by habitat destruction and human persecution

CURIOSITY ENHANCES MATHS AND READING SKILLS

# छत्तीसगढ़ के पूर्व मु.मंत्री भूपेश बघेल के पुत्र को ईडी ने गिरफ्तार क्यों किया?

## क्या गिरफ्तारी का कारण पुत्र की पंजाब के प्रभारी के रूप में नियुक्ति तो नहीं?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे को आज सुबह रायपुर स्थित उनके घर से एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ईडी) ने शराब घोटाले में कथित संलिप्तता के चलते हिरासत में लिया है।

सूत्रों का कहना है कि यह तो बस शुरुआत है। भूपेश बघेल के करीबी सहयोगी विनोद वर्मा अगला निशाना हैं। उसके बाद बारी खुद भूपेश बघेल की हो सकती है।

बघेल और उनके परिवार की शराब घोटाले में भूमिका की जांच काफी समय से सुर्खियों में है, लेकिन अब जाकर कार्रवाई क्यों हो रही है? यही असली सवाल है।

बघेल के बेटे इस समय पंजाब कांग्रेस के प्रभारी और एआईसीसी महासचिव हैं।

उच्चस्तरीय सूत्रों का कहना है कि उन्हें पंजाब का प्रभारी बनवाने में भाजपा

- बघेल पुत्र पिछले छः महीने की तरह कम से कम अगले छः महीने ईडी की रेड से संबंधित मुकदमों में व्यस्त रहेंगे तथा प्रभारी होने के बावजूद, पंजाब की चुनाव की तैयारी व उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया में कुछ खास नहीं कर पायेंगे और कांग्रेस के टिकट के बारे में निर्णय भाजपा लेगी।
- ऐसा होना कोई अनहोनी बात नहीं, कई और राज्यों में भी कांग्रेस के प्रभारी ईडी की कार्यवाही में इतने फंसा दिये जाते हैं कि टिकटार्थियों का चयन परोक्ष रूप से भाजपा के हाथ में चला जाता है।
- पंजाब के मामले में स्थिति इससे भी ज्यादा संगीन व सुनियोजित इसलिए लगती है, क्योंकि बघेल पुत्र के प्रभारी के रूप में चयन में के.सी. वेणुगोपाल की निर्णायक भूमिका रही थी।
- राहुल गांधी ने कांग्रेस में भाजपा के ''स्लीपर सैल'' होने की बात कही थी। पर, विचारणीय विषय तो यह है कि राहुल की नाक के नीचे उनके नवरत्नों में कितने लोग भाजपा के ''स्लीपर सैल'' हैं।

नेतृत्व की सक्रिय भूमिका थी।

समझा जाता है कि बघेल को पंजाब का प्रभारी बनाने के पीछे के. सी. वेणुगोपाल का हाथ था।

स्थिति बहुत ही ज्यादा दिलचस्प है।

पिछले 6 महीनों से भूपेश बघेल, ईडी की पूछताछ, बेटे की परेशानियों, अपने करीबी स्टाफ पर जांच और खुद के कानूनी जोखिमों में उलझे रहे हैं।

एक वरिष्ठ नेता, जो पंजाब के हालात से पूरी तरह वाकिफ हैं, का कहना है कि यह स्थिति अगले 6 महीनों तक बनी रहेगी।

पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर है, और पार्टी के सांसदों को इस बात की गंभीर चिंता है कि वे अगला लोकसभा चुनाव जीत भी पाएंगे या नहीं।

बघेल का प्रदर्शन शून्य रहा है, और निकट भविष्य में कोई खास बदलाव की उम्मीद भी नहीं है।

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि जैसे-जैसे पंजाब चुनाव नजदीक आएंगे,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## छात्रा की उत्तर पुस्तिका में छेड़छाड़ पर सीबीएसई से जवाब माँगा

जयपुर, 18 जुलाई। राजस्थान हाईकोर्ट ने कक्षा 12 के वाणिज्य वर्ग की एक छात्रा के एक विषय की उत्तर पुस्तिका से छेड़छाड़ करने के मामले में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली और उसके अजमेर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने ये आदेश इफरा शेख की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने बोर्ड को पाबंद किया है कि वह संबंधित उत्तर पुस्तिका से जुड़ा

- छात्रा के, अकाउन्टैंसी विषय में पुनर्मूल्यांकन में सामने आया कि उत्तर पुस्तिका के अंदर के पेजों पर किसी अन्य की लिखावट है।

रिकॉर्ड नष्ट न करे और उसे सुरक्षित रखा जाए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को अकाउंटेंसी विषय में बोर्ड ने सिर्फ 26 अंक ही दिए हैं, जबकि अन्य विषयों में उसके बेहतरीन अंक आए हैं। इस पर उसने इस विषय का पुनर्मूल्यांकन कराया। पुनर्मूल्यांकन के बाद प्राप्त उत्तर पुस्तिका में सामने आया कि उत्तर पुस्तिका के केवल पहले पेज की लिखावट ही उसकी थी। वहीं, भीतर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या एक अमेरिकी नागरिक की नागरिकता खत्म की जा सकती है?

## यह विवाद अब न्यायालय तक पहुँच गया है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप एलन मस्क, ज़ोहरान ममदानी व रोज़ी ओ'डॉनेल को उनकी नागरिकता रद्द करके उन्हें उनके पुराने वतन भेजने की धमकी सार्वजनिक रूप से देने लग गये हैं

-अंजन रॉय-
-अमेरिका में राष्ट्रदूत के प्रतिनिधि-

वॉशिंगटन, 18 जुलाई। संयुक्त राज्य अमेरिका में ''नागरिकता समाप्ति'' (डीनैचुरलाइज़ेशन) पर एक नई बहस आकार ले रही है। यह बहस इस मुद्दे के इर्द-गिर्द घूम रही है कि क्या किसी अमेरिकी को उसकी नागरिकता से वंचित किया जा सकता है।

इसमें, अमेरिका में जन्मे देश के स्वाभाविक नागरिक की नागरिकता समाप्त करने की बात भी शामिल है। रोज़ी ओ'डॉनेल, जिन पर अब नागरिकता समाप्त होने का खतरा मंडरा रहा है, एक प्रसिद्ध हास्य कलाकार हैं, जिन्होंने ट्रंप की तीखी आलोचना की थी।

डॉनल्ड ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान संकेत दिया कि वे एलन मस्क, ज़ोहरान ममदानी और रोज़ी ओ'डॉनेल को देश से निष्कासित करने पर विचार कर सकते हैं।

ममदानी, जो न्यूयॉर्क के मेयर बनने की दौड़ में हैं, के ऊपर कम्युनिस्ट होने का आरोप लगाया गया है।

- एलन मस्क, कुछ समय पूर्व तक ट्रंप के घनिष्ठ मित्रों की सूची में प्रमुखता से शामिल थे, पर, जब से उन्होंने ''बिग व ब्यूटिफुल'' विधेयक का विरोध किया, ट्रंप ने उनको अमेरिका से बाहर उनकी जन्म स्थली वापस भेजने की इच्छा जाहिर की है।
- ट्रंप रोज़ी ओ'डॉनेल व न्यूयॉर्क का मेयर बनने की महत्वाकांक्षा रखने वाले ज़ोहरान ममदानी को भी उनकी मातृभूमि भेजना चाहते हैं, इन दोनों पर आरोप लगाया गया है कि अमेरिका की नागरिकता प्राप्त करने के लिए उन्होंने जो दस्तावेज़ दिये थे, वे झूठे थे।
- इस मुद्दे पर, कानूनी राय यह है कि जब तक उन पर यह आरोप न्यायालय में साबित नहीं होता, तब तक उन्हें उनकी नागरिकता से वंचित नहीं रखा जा सकता है। रोज़ी और ज़ोहरान दो प्रभावशाली व्यक्ति हैं। रोज़ी जानी-मानी कॉमेडियन हैं और ट्रंप पर व्यंग्य करने के लिए जानी जाती हैं, दूसरे हैं ज़ोहरान, जो न्यूयॉर्क के मेयर बन सकते हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ईडी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मु.मंत्री बघेल के पुत्र को ''दारू काण्ड'' के तहत गिरफ्तार किया

## चैतन्य बघेल, अपने पिता पूर्व मु.मंत्री के साथ रहते हैं तथा इस बात से काफी क्रुद्ध थे कि उनके जन्म दिवस पर ईडी ने उन्हें यह सौगात दी, क्योंक गत वर्ष भी पूर्व मु.मंत्री, उनके पिता के यहाँ भी उनके जन्म दिन पर ईडी ने ''रेड'' की थी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। लगातार सुर्खियों में बने हुये एनफोसमैंट डायरैक्टोरेट (ईडी) ने आज छत्तीसगढ़ के पूर्व कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को दुर्ग जिले के भिलाई कस्बे में स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया।

चैतन्य को मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट- पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया। यह कार्रवाई उनके निवास पर की गई ताज़ा छापेमारी के बाद हुई। चैतन्य अपने पिता भूपेश बघेल के साथ इस घर में रहते हैं।

इससे पहले इसी सप्ताह, ईडी ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोप पत्र

- चैतन्य बघेल ने न्यायालय परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए यह भी कहा कि उद्योगपति अडानी, माइनिंग करना चाहते हैं तथा इसके लिए व जंगल काटना चाहते हैं, तथा कांग्रेस पार्टी उनकी इस नाजायज़ गतिविधि में कानूनी रोड़े अटकाती है तथा अब ईडी की रेड उनके घर पर इस घटनाक्रम के संदर्भ में है।

दाखिल किया था, जिसमें उन्हें अचल संपत्तियों से जुड़े मामलों में आरोपी बताया गया है।

कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा, ''हम न डरेंगे और न झुकेंगे। भूपेश बघेल डरेगा नहीं। हम सच्चाई की लड़ाई लड़ेंगे।''

उन्होंने अपने भिलाई स्थित आवास से बाहर पत्रकारों से कहा, ''एक तरफ बिहार में मतदाताओं के नाम चुनाव आयोग की मदद से मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं...लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है, और दूसरी तरफ ईडी, आईटी, सीबीआई, डीआरआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए किया जा रहा है। लेकिन अब देश की जनता सब समझ चुकी है और पूरी तरह सचेत है।''

बघेल ने कहा, ''ईडी पहले भी मेरे घर आई थी और 33 लाख रु. बरामद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पेपर लीक में कटारा के चालक का पुत्र गिरफ्तार

जयपुर, 18 जुलाई। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए, पूर्व आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा के तत्कालीन चालक नादान सिंह के बेटे अजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक

- एसओजी ने जाँच में सही तथ्य मिलने पर आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा के चालक नादान सिंह के पुत्र अजय प्रताप सिंह राठौड़ को गिरफ्तार किया।

(एडीजी) एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा 2021 की जांच कर रही टीम को कुछ इनपुट मिले, जिनके आधार पर टीम ने जांच करना शुरू किया। जांच में तथ्य सही मिलने पर एसओजी की टीम ने बाबूलाल कटारा के तत्कालीन चालक नादान सिंह के पुत्र अजय प्रताप सिंह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री मोदी का बिहार में लालू के ''जंगल राज'' के मुद्दे पर आक्रामक प्रचार अभियान

## इसी बीच सुप्रीम कोर्ट से लालू को बड़ा झटका लगा है, इससे भी एनडीए गठबंधन की हिम्मत बढ़ी है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एनडीए के अन्य नेताओं द्वारा बिहार के महागठबंधन के जंगलराज के खिलाफ आक्रामक प्रचार अभियान छेड़े जाने के बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को एक झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने ''लैंड फॉर जॉब्स'' मामले में ट्रायल पर रोक लगाने के लिए दायर की गई उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने आज इस प्रकरण की सुनवाई करते हुए कहा कि लालू यादव को अपनी मुख्य याचिका, जिसमें उन्होंने सीबीआई की चार्जशीट को रद्द करने की मांग की है, दिल्ली हाईकोर्ट में दलील के साथ प्रस्तुत करनी चाहिए, जहाँ यह मामला पहले से विचाराधीन है।

- सुप्रीम कोर्ट ने ''लैंड फॉर जॉब'' मामले में ट्रायल कार्यवाही पर रोक लगाने संबंधी लालू की याचिका को सुनने से मना कर दिया और कहा, वे दिल्ली हाई कोर्ट जाएं, जहाँ यह मामला विचाराधीन है, सुप्रीम कोर्ट ने लालू को व्यक्तिशः उपस्थिति से अवश्य छूट दी।
- प्रधानमंत्री मोदी ने मोतिहारी में एक सभा में लालू यादव के जंगल राज की याद दिलाई। प्र.मंत्री ने यात्रा के दौरान 7200 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं का भी उद्घाटन किया।

हालाँकि, राहत की बात यह रही कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह कह दिया कि, विशेष परिस्थितियों को देखते हुए, लालू यादव को ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट दी जा सकती है।

यह मामला सीबीआई ने मई, 2022 में दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप है कि पश्चिम मध्य रेलवे में ग्रुप-डी की नियुक्तियाँ, लालू यादव के परिवार और नज़दीकी लोगों को जमीन देने के बदले में की गई थीं।

इस बीच, भाजपा ने एक बार फिर अपने पुराने प्रचार-अभियान को दोहराया है कि आरजेडी और कांग्रेस ने बिहार को लूटा और राज्य के विकास को रोक दिया।

आज मोतीहारी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की पीढ़ी को यह समझना जरूरी है कि दो दशक पहले बिहार किस तरह गहरी निराशा में डूबा हुआ था। उन्होंने कहा, ''जो लोग सत्ता में थे, उनका ध्यान केवल इस बात पर था कि गरीबों के लिए आए पैसे को कैसे लूटा जाए। गरीबों के लिए पक्के मकान बनवाना असंभव था और लोग अपने घरों पर रंग-रोगन तक करवाने से डरते थे।''

प्रधानमंत्री ने 7200 करोड़ रूपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि यूपीए और राजद सरकारों के दौरान, बिहार के लिये 10 वर्षों में मात्र 2 लाख करोड़ रूपए की योजनाएँ मंजूर हुईं, जबकि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, देशभर में 4 करोड़ से अधिक मकान गरीबों के लिए बनाए गए हैं और इसके साथ ही, बिहार को भी सार्वजनिक कल्याण और विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि दी गई है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आप पार्टी ने इंडिया गठबंधन छोड़ा

नई दिल्ली, 18 जुलाई। आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन से अपनी दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने देश में मौजूदा राजनीतिक स्थिति

- आप के नेता संजय सिंह ने यह घोषणा करते हुए कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में दरार के लिए दोषी ठहराया।

पर चर्चा के लिए शनिवार शाम 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की डिजिटल माध्यम से होने वाली बैठक से एक दिन पहले यह टिप्पणी की।

कांग्रेस की आलोचना करते हुए संजय सिंह ने विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में उसकी भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, यह बच्चों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट की इन हाउस कमेटी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

## जूडिशिएरी के इतिहास में यह अभूतपूर्व घटना है, एक सिटिंग जज ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दर्ज की है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। राज्यसभा में मानसून सत्र के दौरान महाभियोग के ज़रिए हटाए जाने की संभावनाओं के बीच, इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने ''घर में नकदी'' मामले में इन-हाउस जांच रिपोर्ट को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

इस रिट याचिका में उन्होंने उस जाँच को चुनौती दी है, जिसमें दिल्ली में उनके सरकारी आवास से नकदी मिलने के बाद उन्हें दोषी ठहराया गया था, उस समय वे दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे।

साथ ही, उन्होंने भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को उनके खिलाफ महाभियोग चलाने की सिफारिश को भी चुनौती दी है।

यह एक अभूतपूर्व मामला है, जहाँ एक कार्यरत न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, ताकि उसके खिलाफ की गई जांच रिपोर्ट को रद्द किया जा सके। याचिका 17 जुलाई की दोपहर को दाखिल की गई थी। इसमें भारत संघ और सुप्रीम कोर्ट को प्रतिवादी बनाया गया है।

न्यायमूर्ति वर्मा का कहना है कि इन-हाउस जांच समिति ने उन्हें जवाब देने का उचित अवसर दिए बिना ही निष्कर्ष निकाल लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति पहले से तय सोच के साथ आगे बढ़ी। ठोस साक्ष्य के अभाव में सिर्फ अनुमान और पूर्वाग्रह

- संभावना है कि जल्दी ही जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरु की जा सकती है।
- जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास पर आग लगने के बाद उसे बुझाने गए दमकल कर्मियों को भारी मात्रा में नकदी मिली थी, इसलिए उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने जाँच कमेटी गठित की थी, कमेटी ने जाँच में जस्टिस वर्मा को दोषी माना।
- जस्टिस वर्मा ने कमेटी की जाँच की वैधता को चुनौती दी और आरोप लगाया कि उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया।
- जाँच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना को दी थी। खन्ना ने महाभियोग की अनुशंसा के साथ रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दी थी क्योंकि जस्टिस वर्मा ने पद त्याग करने की सीजेआई की सलाह नहीं मानी थी।
- कमेटी का कहना था कि सरकारी आवास में नकदी कहाँ से आई, यह बताना जस्टिस वर्मा की जिम्मेवारी है, पर, वे कोई स्पष्टीकरण नहीं दे पाए, पूछताछ में या तो उन्होंने सपाट इन्कार किया या फिर साजिश रचने का आरोप लगाया।

के आधार पर प्रतिकूल निष्कर्ष निकाले गए, वह भी सबूत उलटकर।

याचिका में कहा गया है कि ''समिति ने याचिकाकर्ता को अपनी निर्धारित कार्यप्रणाली की कोई जानकारी नहीं दी, उनसे एकत्र किए जाने वाले साक्ष्यों पर प्रतिक्रिया देने का कोई अवसर नहीं दिया, उनकी अनुपस्थिति में गवाहों से पूछताछ की और उपलब्ध होने के बावजूद, वीडियो रिकॉर्डिंग के स्थान पर केवल संक्षिप्त किए गए बयान उपलब्ध कराए। समिति ने केवल ''अभियोग लगाने योग्य'' सामग्री का चयनात्मक रूप से खुलासा किया, और सीसीटीवी फुटेज जैसे प्रासंगिक व याचिकाकर्ता को दोषमुक्त करने वाले साक्ष्यों की उपेक्षा की और उन्हें एकत्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अमेरिका ने ''द रैज़िस्टैंट फ्रंट'' को आतंकी संगठन घोषित किया

वाशिंगटन, 18 जुलाई। अमेरिका ने एक बड़ा कदम उठाते हुये, पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकवादी समूह की एक शाखा, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को एक विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ)

- लश्करे तैयबा से जुड़े इस आतंकी संगठन ने ही कथित रुप से 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिया था।

घोषित किया है। यह संगठन 22 अप्रैल को हुए भयावह पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए ज़िम्मेदार है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रुबियो ने एक बयान में कहा कि टीआरएफ को एक विदेशी आतंकवादी संगठन और एक विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

प्रकृति ईश्वर का प्रकट रूप है, कला मानुष्य का। –लांगफैलो

# ''प्लास्टिक में लिपटता-सिमटता राजस्थान''

राजस्थान आज एक ऐसे जहर की चपेट में है जो उसकी शान को प्लास्टिक की थैलियों में लपेटकर कचरे के ढेर में बदल रहा है। प्लास्टिक-वही अनजाना मेहमान, जो 1907 में लियो बैकलैंड की प्रयोगशाला में एक भूल का नतीजा था, अब हमारे खून, सांस और थाली में घुस चुका है। लियो ने कहा था, धर्म और विज्ञान में समानता है; अगर ये गलत हाथों में पड़ जाएं, तो आदर्श पीछे छूट जाते हैं, और मानवता का नुकसान होता है। आज उनका यह कथन राजस्थान में साकार हो रहा है, जहां प्लास्टिक दुख, अपराध और पीड़ा का पर्याय बन गया है। आज कोई ऐसा स्थान शेष नहीं बचा है जहां प्लास्टिक का साम्राज्य न हो स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, रेल-बस, मंदिर-मस्जिद, मनोरंजन पार्क, ऑफिस, हवाई अड्डे, सेना, पुलिस, न्यायालय, दुकान और घर सभी क्षेत्रों में यह फैला-पसरा है।

सुजैन फ्रिकेल ने इसे जहरीली प्रेम कथा कहा था, उसने कहा कि–मैंने एक दिन में 196 प्लास्टिक की चीजों का स्पर्श किया जबकि गैर प्लास्टिक की केवल 106, इसलिए सचमुच, यह प्रेम इतना जहरीला हो गया है कि हमारी हवा, पानी, और डीएनए तक इसके जहर से अछूते नहीं। सरकार की कागजी शेर बन कर रह गई है। सरकार और नागरिकों की सुस्ती ने इस राक्षस को बेलगाम कर दिया है। इस त्रासदी पर अब व्यंग्य नहीं निकलता। आज प्लास्टिक हमारा नया बादशाह बन चुका है।

जयपुर की चहल-पहल भरी गलियों से लेकर जैसलमेर के सुदूर गांवों तक, प्लास्टिक ने ऐसा साम्राज्य कायम किया है कि कोई कोना बाकी नहीं। स्कूलों में बच्चों की किताबें प्लास्टिक कवर में लिपटी हैं, कॉलेजों में नोटबुक्स प्लास्टिक की फाइलों में कैद हैं। अस्पतालों में सलाइन की बोतलें, सिरिंज, और दवाइयों की पैकिंग सब प्लास्टिक। रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों पर चाय-नाश्ता प्लास्टिक के गिलास और थालियों में। मंदिरों में प्रसाद प्लास्टिक की थैलियों में, मस्जिदों में दान के लिए प्लास्टिक के डिब्बे। मनोरंजन पार्क में बच्चों के खिलौने, ऑफिसों में पेन, फाइलें, और कुर्सियां सब प्लास्टिक। हवाई अड्डों पर पानी की बोतल से लेकर सामान की पैकिंग तक, सेना के कैंपों में राशन की पैकिंग, पुलिस थानों में फाइलें, और न्यायालयों में दस्तावेजों की फाइलें सब प्लास्टिक। दुकानों में हर सामान प्लास्टिक में लिपटा, और घरों में रसोई से लेकर बाथरूम तक, प्लास्टिक का बोलबाला। तो बात हुई कि हमने प्लास्टिक को अपना नया बादशाह चुन लिया है और हर जगह उसका राजतिलक कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक सिंगल-यूज प्लास्टिक को खत्म करने का वादा किया था, लेकिन राजस्थान में यह कागजी वादा धूल में बदल गया। 2021 में मुख्य सचिव ने वैकल्पिक सामग्रियों की बात की थी और 2025 में सुधांश पंत ने इसे जनस्वास्थ्य का दुश्मन बताया भी। लेकिन जमीनी हकीकत सबको पता है। स्थानीय निकायों में कचरा प्रबंधन का ढांचा इतना जर्जर है कि लगता है, सरकार ने प्लास्टिक कचरे को भी स्वच्छ भारत के बैनर तले छोड़ दिया। राज्य में रीसाइक्लिंग इकाइयां गिनती की हैं, और जो हैं, वो संसाधनों की भूखी हैं और दम तोड़ रही हैं। प्लास्टिक उद्योगों पर सख्ती करें? अरे साहब वह सब तो दूर की कौड़ी! छोटे-मझोले कारखाने बिना किसी नियमन के प्लास्टिक की बरसात कर रहे हैं, और सरकार आंखें मूंदे ताली बजा रही है। यह तो वही बात हुई कि हमने रेगिस्तान में बारिश का इंतजार छोड़कर, प्लास्टिक की बौछारों को ही मानसून मान लिया।

आज राजस्थान की सुनहरी रेत पर प्लास्टिक कचरे का साया मंडरा रहा है। राजस्थान का रेगिस्तान, जो कभी कवियों की प्रेरणा था, आज प्लास्टिक के कचरे का कब्रिस्तान बन रहा है। नदियां, नाले, और तालाब प्लास्टिक से अटे पड़े हैं। जयपुर में मानसून आता है, तो सड़कें नदियां बन जाती हैं, क्योंकि नाले प्लास्टिक के बोझ तले दम तोड़ चुके हैं। माइक्रोप्लास्टिक मिट्टी और पानी में घुसकर खाद्य श्रृंखला को जहर दे रहा है। गाय-भैंसें सड़कों पर बिखरे प्लास्टिक को चबाकर अपनी जान गंवा रही हैं। पशुपालक रो रहे हैं, लेकिन हमारी नींद नहीं टूट रही। प्लास्टिक जलाने से निकलने वाली डाइऑक्सिन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें हवा को और जहरीली बना रही हैं। राजस्थान, जहां गर्मी पहले ही जान लेती है, अब इन गैसों के कारण ग्लोबल वार्मिंग की मार और झेल रहा है। 2023 में सूखे ने फसलों को तबाह किया था और प्लास्टिक ने मिट्टी की उर्वरता को और चोट पहुंचाई। उदयपुर की फतेहसागर झील, जो कभी पर्यटकों का दिल थी, आज प्लास्टिक की बोतलों और थैलियों से दम तोड़ रही है। यह तो वही बात हुई कि हमने अपने रेगिस्तान को प्लास्टिक का कैनवास बना दिया, जहां हर रंग जहर भरा है।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर तो यह जहर का घूंट है और हर घूंट में प्लास्टिक का जहर अब हमारे खून में बह रहा है। शोध चीख-चीखकर कह रहे हैं कि प्लास्टिक में 16,000 रसायन होते हैं, जिनमें 26% तो सीधे धरती और मानव जीवन को तबाह करने के लिए पर्याप्त है। फेथलेट्स और बिस्फेनॉल ए जैसे रसायन कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, और प्रजनन समस्याओं का न्योता दे रहे हैं। जयपुर के कैंसर अस्पताल की निदेशक अनीला कोठारी चिल्ला रही हैं कि प्लास्टिक कैंसर के मामलों को बढ़ा रहा है। डॉ. देवेंद्र सोनी और डॉ. एकलव्य बोहरा ने चेताया कि गर्म पदार्थ प्लास्टिक में रखने से रसायन हमारे डीएनए तक को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

माइक्रोप्लास्टिक अब हवा, पानी, और खाने में घुस चुका है। एक व्यक्ति हर हफ्ते इतना माइक्रोप्लास्टिक निगल लेता है, जितने से एक क्रेडिट कार्ड बन जाए। तो हम तो जैसे प्लास्टिक के क्रेडिट कार्ड से अपनी सेहत का कर्ज चुका रहे हैं! ग्रामीण राजस्थान की तस्वीर इससे भिन्न नहीं है जहां स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह लचर है, लोग अनजाने में नहीं जानबूझकर प्लास्टिक में लिपटा खाना खा रहे हैं। भारत में, जहां सोना पहना और खाया जाता है, अब लोग प्लास्टिक खा रहे हैं। यह तो वही बात हुई कि हमने सोने की थाली छोड़कर, प्लास्टिक की थाली में जहर परोस लिया हो।

**यूरोपीय संघ की तरह, भारत में सिंगल-यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करना होगा। राजस्थान में स्थानीय निकायों को जवाबदेह बनाकर और दुकानदारों पर भारी जुर्माना लगाकर इसे लागू किया जा सकता है। कनाडा की EPR नीति को अपनाकर, कंपनियों को अपने प्लास्टिक कचरे के संग्रह और रीसाइक्लिंग के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है।**

कचरे का वारिस प्लास्टिक बन गया है और सबसे बड़ा पाप हम यह कर रहे हैं कि हम हमारी भावी पीढ़ियों को कचरे का वारिस भी बना रहे हैं। यह सैकड़ों साल तक नहीं सड़ता, यानी आज का कचरा कल के बच्चों के लिए अभिशाप बनेगा ही। राजस्थान में, जहां कृषि और पशुपालन जीवन का आधार हैं, प्लास्टिक मिट्टी को बंजर और पशुओं को कब्रिस्तान भेज रहा है। खेत बंजर हो रहे हैं, फसलें मर रही हैं, और पशुपालक अपनी आजीविका खो रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण अनियमित मानसून और बढ़ता तापमान पहले ही किसानों की कमर तोड़ रहा है, और प्लास्टिक इस आग में घी डाल रहा है। जोधपुर के खेतों में, जहां कभी बाजरे की लहलहाती फसलें थीं, अब प्लास्टिक की शीट्स मिट्टी को दफना रही हैं। राज्य में पशुपालक अपनी गायों को प्लास्टिक खाने से रोक नहीं पा रहे। यह तो वही बात हुई कि हमने अपने बच्चों के लिए सुनहरी रेत की बजाय प्लास्टिक का ढेर छोड़ दिया हो। कल का राजस्थान अगर प्लास्टिक के कचरे में दफन हो गया, तो हमारी पीढ़ी को इतिहास कभी माफ नहीं करेगा। हमारी भावी पीढ़ियां पूछेंगी, क्यों छोड़ा तुमने हमें यह जहरीला वारिस हमारे लिए? और हमारे पास जवाब के नाम पर सिर्फ खामोशी होगी। यह जहर का कारोबार प्लास्टिक उद्योग राजस्थान में बेलगाम घोड़ा बन चुका है। छोटे-मझोले कारखाने बिना किसी नियमन के प्लास्टिक की बरसात कर रहे हैं। गुणवत्ता मानकों की धज्जियां उड़ रही हैं, और पर्यावरण नियम तो जैसे कागज के टुकड़े बनकर हवा में उड़ रहे हैं।

**प्लास्टिक कचरा और राजस्थान में बरसात की त्रासदी**

राजस्थान, अपनी रंग-बिरंगी संस्कृति और मरुस्थलीय सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध, आज प्लास्टिक कचरे की समस्या से जूझ रहा है। बरसात, जो इस शुष्क प्रदेश में जल संरक्षण और खेती के लिए वरदान है, अब प्लास्टिक कचरे की वजह से शहरों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा कर रही है। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर जैसे प्रमुख शहरों में नालियाँ और नाले प्लास्टिक कचरे से अवरुद्ध हो रहे हैं, जिससे बारिश का पानी सड़कों पर ठहर जाता है, जनजीवन अस्त-व्यस्त होता है और बीमारियों का खतरा बढ़ता है। भारत में प्रतिदिन लगभग 26,000 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें से केवल 8% ही रीसाइकिल होता है। राजस्थान में भी स्थिति गंभीर है, जहाँ शहरी क्षेत्रों में अपर्याप्त कचरा प्रबंधन और जागरूकता की कमी के कारण प्लास्टिक कचरा नालियों को जाम कर देता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, भारत में प्रति वर्ष लगभग 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें से 40% अनसंग्रहित रहता है। राजस्थान के शहरों में यह अनसंग्रहित कचरा बरसात के दौरान नालियों में बहकर जल निकासी को रोक कर सड़कों पर जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बना रहा है, पर प्रवाह किसे है।

प्लास्टिक कचरे की समस्या केवल जल निकासी तक सीमित नहीं है। यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को भी गंभीर नुकसान पहुँचा रहा है। नालियों में जमा प्लास्टिक मच्छरों के प्रजनन का कारण बन रहा है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ फैल रही है अस्पताल में मरीजों की भीड़ बेकाबू है। इससे निपटने का मूर्खता पूर्ण कारनामा ये है कि प्लास्टिक को खुले में जला कर निस्तारण किया जा रहा है और इस प्लास्टिक से डाइऑक्सिन और फ्यूरान जैसे हानिकारक रसायन निकल रहे हैं, जो वायु प्रदूषण और श्वसन संबंधी रोगों का कारण बन रहे हैं। राजस्थान के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में, विशेष रूप से एकल-उपयोग प्लास्टिक (सिंगल-यूज प्लास्टिक) का उपयोग व्यापक है, जो इस समस्या को और बढ़ाता है।

इस त्रासदी से निपटने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। भारत सरकार ने 2016 और 2021 में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम लागू किए, जिनमें एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध और विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकि, राजस्थान सहित कई राज्यों में इन नियमों का कार्यान्वयन कमजोर है। उदाहरण के लिए, 2023 में 775,577 किलोग्राम प्रतिबंधित एकल-उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया, लेकिन बाजार में इसकी उपलब्धता अभी भी बनी हुई है। समाधान के लिए, स्थानीय निकायों को कचरा पृथक्करण और रीसाइक्लिंग सुविधाओं को मजबूत करना होगा। राजस्थान के कलडवास पंचायत में दरवाजे-दरवाजे कचरा संग्रहण की सफल प्रणाली एक मॉडल हो सकती है। साथ ही, जन जागरूकता अभियान और स्कूलों में पर्यावरण शिक्षा पर जोर देना होगा। कपड़े की थैलियों और बायोडिग्रेडेबल विकल्पों को प्रोत्साहन देना भी आवश्यक है। राजस्थान की यह धरती, जो कभी स्वच्छता की मिसाल थी, आज हमसे सामूहिक जिम्मेदारी माँग रही है। यदि हम अभी नहीं जागे, तो हर बरसात यही कहानी दोहराएगी। प्लास्टिक कचरे को नियंत्रित कर, हम अपने शहरों को बाढ़ से बचा सकते हैं और इस धरती को फिर से हरियाली से सजा सकते हैं।

सरकार की चुप्पी इस बात का सबूत है कि आर्थिक लाभ को जनस्वास्थ्य और पर्यावरण से ऊपर रखा जा रहा है। भारत में सिर्फ 25% प्लास्टिक कचरे की रीसाइक्लिंग होती है, और राजस्थान में यह आंकड़ा और भी शर्मनाक है। मात्र 10 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे की ही रिसाइक्लिंग हो रही है बाकी कचरा या तो लैंडफिल में दफन हो रहा है या खेतों-नदियों में बिखर रहा है। यह तो वही बात हुई कि हमने जहर का कारोबार शुरू कर दिया, और ग्राहक हमारी सेहत और पर्यावरण हैं। प्लास्टिक से निपटने के लिए कपड़े का थैला या रीसाइक्लिंग बढ़ाओ जैसे पुराने नुस्खे अब बेकार हैं। हमें आधुनिक विज्ञान की शरण लेनी होगी। बायोडिग्रेडेबल पॉलिमर और एंजाइम-आधारित प्लास्टिक विघटन तकनीकें इस दिशा में क्रांति ला सकती हैं। फ्रांस में विकसित एक एंजाइम, जो पीईटी प्लास्टिक को घंटों में विघटित कर देता है, राजस्थान में लागू हो सकता है। सरकार को अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप्स के साथ मिलकर ऐसी तकनीकों को बढ़ावा देना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इस जंग में हमारा सबसे बड़ा हथियार हो सकता है। स्मार्ट डस्टबिन, जो कचरे को स्वचालित रूप से छांट सकें, और ड्रोन, जो कचरे के ढेर को ट्रैक करें, जयपुर और उदयपुर जैसे शहरों में गेम-चेंजर साबित हो सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र मोहन शर्मा, ( साहित्यकार, चिन्तक एवं शिक्षाविद् )**

# यूरिया खाद की किल्लत, प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति में किसानों की भीड़ लगी

## एक घंटे में यूरिया की गाड़ी खाली हुई, पुलिस निगरानी में खाद वितरित किया

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय पर शुक्रवार को यूरिया खाद की गाड़ी आने की सूचना पर किसानों की लंबी कतार लग गई। क्षेत्र में बारिश होते ही यूरिया की मांग बढ़ गई है, जिसकी वजह से किसान घरेलू कामकाज भी छोड़कर सुबह से खाद बिक्री केंद्र पर पहुंचने शुरू हो जाते हैं। इनमें महिला किसान भी शामिल हैं, जो घर का कार्य छोड़कर यूरिया के लिए लाइनों में लगने को मजबूर हैं।



**प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय पर यूरिया खाद की गाड़ी आने की सूचना पर किसानों की लंबी कतार लग गई।**

अकेले प्रागपुरा की आबादी करीब 25 हजार है और आसपास के क्षेत्र के लोग भी यहां खाद लेने पहुंच रहे हैं। जिसके चलते अभी और भी ज्यादा यूरिया खाद की कमी है। वर्तमान में खेतों में उग रही बाजरे की फसल के लिए किसानों को खाद की जरूरत है, लेकिन यूरिया की कई दिनों से किल्लत चल रही है।

प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे यूरिया खाद की एक गाड़ी आई, जिसमें यूरिया खाद के 900 कट्टे थे। उन्होंने बताया कि प्रागपुरा सहकारी समिति में इस खरीफ सीजन में 7000 कट्टे डीएपी बाजरा बुवाई के लिए व इसी खरीफ फसल के लिए यूरिया खाद के अभी तक 19500 कट्टे उपलब्ध करवाये गये हैं। उपेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि किसान हित में समिति द्वारा अधिकारियों से सम्पर्क कर क्षेत्रवासियों की आपूर्ति के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद सरकारी दर 266.50 पर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

मुख्य कार्यकारी कैलाश चंद स्वामी ने बताया कि खाद केंद्र पर खाद की सीमित उपलब्धता और किसानों की अधिक भीड़ के कारण एक आधार कार्ड से केवल दो बैग यूरिया के दिए गए, जिस कारण उन किसानों को सबसे अधिक समस्या का सामना करना पड़ा, जिन्हें दो से अधिक यूरिया बैग की आवश्यकता थी।

किसानों ने बताया कि यूरिया खाद की कमी के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। वे सुबह से लाइनों में लगकर खाद लेने के लिए आते हैं, लेकिन कई बार उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है।

■ **किसान घरेलू कामकाज भी छोड़कर सुबह से खाद बिक्री केंद्र पर पहुंचने शुरू हो जाते हैं, इनमें महिला किसान भी शामिल हैं**

उपेन्द्र सिंह शेखावत ने किसानों की समस्याओं को समझते हुए कहा कि वे अधिकारियों से बात कर खाद की उपलब्धता बढ़ाने का प्रयास करेंगे, ताकि किसानों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि समिति का प्रयास है कि किसानों को समय पर खाद मिले और उनकी फसल अच्छी हो। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रागपुरा थाना पुलिस तैनात रही जिनकी निगरानी में खाद का वितरण सुबह शुरू हुआ। पुलिसकर्मी व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार मशक्कत करते रहे लेकिन फिर भी कई किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

# 'सरकारी जागरूकता व जन भागीदारी के बिना स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना संभव नहीं'

## के.के. गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार पांचवीं बार पुरस्कार जीतने के लिए डूंगरपुर नगर परिषद की टीम और डूंगरपुर शहर वासियों को शुभकामनाएं दी

**उदयपुर/ डूंगरपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार पांचवीं बार पुरस्कार जीतकर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का शहर बन दक्षिण राजस्थान के आदिवासी अंचल का ऐतिहासिक डूंगरपुर नगर पूरे भारत में चर्चित हो रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन (ग्रामीण ) के राजस्थान प्रदेश समन्वयक और डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व सभापति के.के. गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार पांचवीं बार पुरस्कार जीतने के लिए डूंगरपुर नगर परिषद की टीम और डूंगरपुर शहर वासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में नगरवासियों के सहयोग से उन्होंने स्वच्छता का जो पोधा रौपा था, आज वह वटवृक्ष बनकर फल दे रहा है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सुपर लीग सिटी पुरस्कार से सम्मानित किया है। गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर और इंदौर की तरह स्वच्छता के लिए हर शहरवासियों को स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना चाहिए। शहर का कोई व्यक्ति खुले में कचरा ना डालें, 365 दिन नियमित गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग टाइम बाउंड उठना चाहिए तथा शहर का छोटा हो या बड़ा व्यक्ति को स्वच्छता की ताकत को समझना चाहिए वह स्वयं तो कचरा न डाले परंतु आमजन को भी खुले में कचरा ना डालने दें, यह विजन पैदा करने की आवश्यकता है। यह कार्य डूंगरपुर वासियों एवं शहर में पढ़ने वाले 22373 बच्चों ने पूरे देश को करके दिखाया है। यहां यह भी आवश्यक है कि जनसंख्या



के.के. गुप्ता

स्वच्छता को प्रभावित नहीं करती है। आज राजस्थान में डूंगरपुर से भी छोटी निकाय एवं मध्य प्रदेश की इंदौर निकाय जिसकी जनसंख्या 28.71 लाख होने के बाद भी देश के लिए लगातार स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आना कोई साधारण बात नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बार-बार स्वच्छता का संदेश तथा ताकत का वर्णन करना किसी विकसित देश के हर नागरिक को सोचने को मजबूर करता है। 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की जयंती पर राजघाट पर यह करना कि देश का हर नागरिक सोच ले कि मुझे हिंदुस्तान को स्वच्छ बनाना है तो दुनिया की कोई ताकत देश को गंदा नहीं कर सकती। न गंदगी करेंगे नहीं करने देंगे तथा इसे राष्ट्रवापी आंदोलन बनाना है। उन्होंने हर सप्ताह 2 घंटे तथा प्रतिवर्ष 100 घंटा स्वच्छता के लिए कार्य करने का आग्रह किया। शौचालयों के निर्माण करवाने तथा व्यवहार भी बदलने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा महिलाओं को दिया सम्मान उन्हें सुरक्षा और गरिमा मिलने लगी।

गुप्ता ने कहा है कि जो शहर स्वच्छता में सम्मानित हुए हैं उनके अंदर भारी उत्साह एवं उमंग है और कुछ शहरों में स्वच्छता सर्वेक्षण में आगे आने का उत्साह है। आज की परिस्थितियों में वास्तव में देखा जाए तो एक बात सत्य है अधिकारी सोचता है मैं क्यों मेहनत करूं मेरा पता नहीं कब ट्रांसफर हो जाए, जनप्रतिनिधि सोचता है मैं 5 साल के लिए हूं बाद में मेरा क्या ठिकाना में क्यों मेहनत करूं। परंतु वह यह भूल जाता है कि स्वच्छता की ताकत को कभी नजरअंदाज नहीं जा सकता, परन्तु यह वह सत्य है स्वच्छता को जीवन भर याद रखा जाता है। गुप्ता ने कहा कि भारत में स्वच्छता में इमरजेंसी को लागू करने की भी आवश्यकता है।

# स्कूल में बच्चों से मजदूरी कराने का मामला सामने आया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरावतों का आकोला में स्कूल में बच्चों से मजदूरी कराने का मामला सामने आया है। मजदूरी करते बच्चों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

■ **मजदूरी करते बच्चों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ**

वीडियो में देखा जा सकता है कि तीन बच्चे मजदूरी कर रहे हैं सरकारी स्कूल की बच्चे यूनिफॉर्म पहने है और आम सड़क पर छोटे-छोटे बच्चों से मिस्त्री और मजदूरी का काम करवाया जा रहा है। आकोला विद्यालय में पढ़ाई के समय स्कूल के यह बच्चे पढ़ने-लिखने के बजाय कुदाल और फावड़ा लेकर सीमेंट से मसाला तैयार कर मजदूरी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जब बच्चों से बात की तो उन्होंने बताया कि हम घर से पढ़ने के लिए स्कूल आए थे फिर प्रार्थना के बाद मिस्त्री के साथ तीन बच्चों को भेज दिया बोला कि इन काम में हैल्प करो तभी से इनके साथ काम में लगे हैं।

मामला सामने आने के बाद प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे एक जुलाई से पानी की समस्या बनी हुई है और हमारे विद्यालय में 201 बच्चों का नामांकन है और पानी नहीं होने से इन बच्चों का खाना बनाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें से एक बच्चा खुद मित्री का हो सकता है, इसलिए उसे बुलाया हो और बाकी उसके साथ काम में सहायता के लिए गए हो।

5 स्कूल के बच्चे पढ़ने-लिखने के बजाय कुदाल और फावड़ा लेकर सीमेंट से मसाला तैयार कर मजदूरी कर रहे हैं।

# समदरिया गांव के बच्चों को नदी पार कर जाना पड़ता है स्कूल

**पाली, (निसं)।** पाली जिले के सोजत उपखंड के गुढ़ा कल्ला के समदरिया गांव और डांडिया मगरी गांव के बीच बहने वाली नदी हर साल बारिश में इन गांवों के लिए एक बड़ी रुकावट बन जाती है।

लोगों के अनुसार स्कूल जाने का एकमात्र रास्ता इसी नदी से होकर गुजरता है। जब नदी पूरे उफान पर होती है, तो बच्चों का स्कूल जाना तो दूर, आम लोगों का आना-जाना भी खतरनाक हो जाता है। यही वजह है कि बरसात के दिनों में अक्सर बच्चों को स्कूल से छुट्टी करनी पड़ती है, जिससे उनकी पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। यह कोई नई समस्या नहीं है। सालों से स्थानीय ग्रामीण,

■ **हर साल बारिश में इन गांवों के लिए एक बड़ी रुकावट बन जाती है नदी**

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से पुल बनाने की गुहार लगा रहे हैं। सांसद, विधायक और अधिकारी सभी इस स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं, लेकिन उनकी अपीलें और वादे सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गए हैं। लोगों के अनुसार हर साल बारिश आती है, नदी उफनती है, बच्चे अपनी जान जोखिम में डालते हैं, और फिर बारिश के साथ यह मुद्दा भी कहीं दब जाता है।

## राशिफल शनिवार 19 जुलाई, 2025



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, भरणी नक्षत्र रात्रि 12:37 तक, शूल योग रात्रि 12:35 तक, गर करण दिन 2:43 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क चन्द्रमा-मेष, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज भद्रा रात्रि 1:28 से आरम्भ होगी। महापात योग दिन 2:16 से सायं 7:10 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:29 से 9:10 तक, चर 12:33 से 2:14 तक, लाभ-अमृत 2:14 से 7:36 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:48, सूर्यास्त 7:18

**मेष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आज महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं। परिजनों/मित्रों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

# शिक्षा का भगवाकरण में ही भारत का प्रकटीकरण है : डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

## 'मोदी सरकार में तंत्र भी हुआ स्वयं का, अब मिली स्वतंत्रता'



भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील भार्गव ( बांये ) ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ( बीच में ) को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

- धर्म बदले बिना हज जाकर दिखाए राहुल गांधी, कुंभ में आए थे 60 लाख विदेशी किसी से नहीं पूछा धर्म : डॉ सुधांशु त्रिवेदी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस शासन में गुलामी की मानसिकता को स्वीकार करने एवं उसे पुष्पित-पल्लवित करने का काम हुआ वहीं भाजपा की सरकारों में भारतीय विचार से प्रेरित स्व का तंत्र स्थापित कर देश का गौरव बढ़ाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद स्थापना से लेकर प्रेरणा तक भारतीय होने वाली भाजपा के शासन को विदेशी समाचार पत्र संडे गार्जियन ने भी भारत का नियति से दूसरी बार साक्षात्कार बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व ही है कि भारत आज अर्थव्यवस्था और स्टॉक एक्सेंज में चौथे नंबर पर है, आटोमोबाइल एवं एयरलाइंस में तीसरे नंबर पर है, मोबाइल निर्माण पर दूसरे नंबर पर है और डिजिटल पेमेंट के मामले में केवल पहले नंबर पर ही नहीं है, बल्कि दूनिया का 48 प्रतिशत पेमेंट जो अमेरिका तथा चीन को मिलाकर भी ज्यादा होता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी लोगों ने पाठ्यक्रमों में इस तरह की विषय वस्तु शामिल करवाई, जिससे भारतीय होने पर ग्लानि और हिन्दू होने पर शर्म महसूस होती हो। क्या कारण है कि महाराणा प्रताप को हारा हुआ पढ़ाया जाता रहा, क्या महाराणा प्रताप युद्ध क्षेत्र में वीर गति को प्राप्त हो गए थे, क्या उन्हें बंदी बना लिया गया था, तो फिर कैसे महाराणा प्रताप की पराजय का इतिहास हमारी युवा पीढ़ी को पढ़ाया गया। आज कांग्रेस के लोग शिक्षा के पाठ्यक्रम में परिवर्तन को लेकर सवाल उठा रहे है कि भगवाकरण हो रहा है, यह भगवाकरण नहीं, भारत का प्रकटीकरण है।

उन्होंने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि डिस्कवरी आफ इंडिया में गजनी की मथुरा यात्रा का जिक्र करते हुए नेहरू ने उसे कला प्रेमी बता दिया, वहीं महमूद गजनी के दरबारी इतिहासकार अल उतबी ने "तारीख-ए-यामिनी" नामक पुस्तक में लिखा है कि गजनी ने मथुरा की इमारतों एवं मंदिरों की भव्यता को देखकर कहा था कि ये ईसान की बनाई नहीं हो सकती, इसे देवताओं ने बनाया है, इसलिए इन्हें जमीदोज कर दिया जाए। क्यों देश से नेहरू ने यह सच छुपाया और आक्रांताओं का महिमा मंडन किया ? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेता हिन्दू धर्म पर असहिष्णुता के आरोप लगाते है, 2001 में जब महाकुंभ हुआ था, तब सोनिया गांधी ने कुंभ में स्नान किया था, केंद्र में अटल की सरकार थी, यूपी में राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री थे किसी ने भी उन्हें नहीं रोका था।

भाजपा मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनाव जीतने वाली पार्टी नहीं है, बल्कि यह एक गहरी, सशक्त और स्पष्ट विचारधारा से प्रेरित संगठन है। हमारा संवाद भी केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि सतत अध्ययन, वैचारिक स्पष्टता और भावनात्मक जुड़ाव का परिणाम होना चाहिए। यही हमें दूसरों से अलग करता है और यही हमारी असली ताकत है। जिला मीडिया संयोजक, प्रवक्ता और पैनलिस्ट के रूप में हमारा हर शब्द, हर पोस्ट और हर सार्वजनिक वक्तव्य जनता की नजर में पार्टी की छवि बनाता है।वहीं प्रदेश मंत्री तथा मीडिया, सोशल मीडिया एवं आईटी के प्रभारी पिंकेश पोरवाल मंच पर उपस्थित थे। सूत्रों की मानें तो मीडिया की कार्यशाला में प्रदेश भर के जिला मीडिया प्रभारी सभी उपस्थित नहीं हुए न ही पूरे प्रदेश प्रवक्ता शामिल हुए। जिसके कारण भाजपा कार्यालय में मौजूद अन्य नेताओं को भी मीडिया विभाग के बनाकर उन्हें कार्यशाला में बिठा दिया गया।

**भारत की ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता, अमेरिका ने टीआरएफ को किया आतंकवादी संगठन घोषित, किया प्रतिबंधित** : - डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक सफलता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंट को संयुक्त राज्य अमेरिका ने आधिकारिक रूप से आतंकवादी संगठन घोषित कर प्रतिबंधित कर दिया है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि टीआरएफ, कई बड़े आतंकी संगठनों का एक प्रॉक्सी संगठन है और उसे वैश्विक आतंक के नेटवर्क का हिस्सा माना जाता है। यह सफलता भारत की निरंतर और प्रभावशाली कूटनीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने बताया कि पहले क्वाड समिट में आतंकवाद और पहलगाम हमले का विधिवत उल्लेख हुआ था। 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहावुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण,हाफिज सईद एवं मसूद अजहर को संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकी घोषित करवाना और अब अब टीआरएफ पर प्रतिबंध- ये सभी कदम भारत की कूटनीतिक सूझबूझ और वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बढ़ते प्रभाव को दर्शाते हैं। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि जैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत ने अपने सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, उसी तरह अब हमारी सरकार अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भी पूर्ण दक्षता दिखा रही है।

# साइबर ठगों पर पुलिस का शिकंजा : पैसा डबल गैंग के सात सदस्य गिरफ्तार

- पुलिस को इनके बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेन-देन का हिसाब मिलने की
- धोखाधड़ी के लिए वे फर्जी या किराए के सिम कार्ड और विभिन्न फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे

**जयपुर।** साइबर अपराधों के खिलाफ सवाई माधोपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए मानटाउन थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त अभियान में पैसा डबल करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले 7 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इन ठगों के पास से 12 मोबाइल फोन, 6 एटीएम कार्ड, 4 पासबुक, 3 चेकबुक, 2 क्यू आर मशीन और 2 लाख रुपये नकद जब्त किए गए हैं। पुलिस को इनके बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेन-देन का हिसाब मिलने की उम्मीद है।

पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि थानाधिकारी मानटाउन सुनील गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम ने सवाई माधोपुर की बाल मंदिर कॉलोनी में छापा मारकर इन ठगों को धर दबोचा। ये साइबर ठग सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर लोगों को लुभावनी योजनाओं का झांसा देते थे, जिसमें उनके पैसे कई गुना करने का लालच दिया जाता था।

धोखाधड़ी के लिए वे फर्जी या किराए के सिम कार्ड और विभिन्न फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे। पुलिस के अनुसार, इन ठगों ने सोशल मीडिया पर लाखों ग्राहक बनाए हुए थे। मामले में पुलिस ने आरोपी मनीष मीना निवासी नींदड़दा थाना सूरवाल, हरिमोहन मीना निवासी बंधा थाना सूरवाल, युवराज सिंह मीना, सचिन मीना व बलराम सैनी निवासी मलारना चौड़ थाना मलारना डूंगर, जितेंद्र मीना निवासी झोगदा थाना सूरवाल और धर्मेन्द्र मीना निवासी अजनोटी थाना सूरवाल को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है, जिससे इस बड़े साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क के अन्य पहलुओं का भी खुलासा होने की उम्मीद है। इस सराहनीय कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी श्याम सुंदर और उनकी टीम तथा मानटाउन थाना से सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद, कांस्टेबल हरिसिंह, अशोक, महेंद्र, शैतान और सुरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# श्रीराम के वनगमन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन

**जयपुर।** कांस्टीट्यूशनल क्लब में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिवस पर श्रोताओं को उस मार्मिक क्षण का स्मरण हुआ, जब भगवान श्रीराम वनगमन के लिए माता कौशल्या से विदा लेने पहुंचे। शास्त्री कोसलेंद्रदास ने कहा कि उस घड़ी एक माता ने पुत्र से न गद्दी मांगी, न लौटने का वचन। बस इतना कहा कि पुत्र राम! वनवास से अमृत लेकर लौटना।यह अमृत क्या है? शास्त्री ने स्पष्ट किया कि यह कोई दिव्य औषधि नहीं बल्कि चरित्र, धर्म, सत्य, मर्यादा और आचरण का अमृत है, जो राम ने अपने जीवन से समाज को दिया। माता कौशल्या जानती थीं कि राम की यह यात्रा केवल वनवास नहीं बल्कि मानवता के लिए मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले अवतार की यात्रा है।शास्त्री ने कहा कि आज के समय में जब जीवन-मूल्य, परिवार और दांपत्य की गरिमा क्षीण हो रही है।

# राजस्थान पुलिस में पदोन्नित का बड़ा अवसर

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा में कार्यरत उप निरीक्षकों के लिए एक बड़ा अवसर सामने आया है। पुलिस मुख्यालय भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड के आईजी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस निरीक्षक (एपी/सीपी) के 605 रिक्त पदों को पदोन्नित के माध्यम से भरने के लिए योग्यात्मक परीक्षा वर्ष 2022-23 का आयोजन किया जा रहा है।

इन पदों में अनुसूचित जाति के लिए 95, अनुसूचित जनजाति के लिए 66 और सामान्य वर्ग के लिए 444 पद शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक सीआईडी (सीबी) और सदस्य सचिव, चयन बोर्ड लक्ष्मण दास ने बताया कि इस पदोन्नित परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्य उप निरीक्षकों से 1 अगस्त 2025 की शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 के नियम 26 की अनुसूची 01 के कॉलम-6 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार:

# प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण, बिजनेस पार्टनर ने ही साथियों के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना इलाके में एक प्रॉपर्टी कारोबारी का अपहरण करने का मामला सामने आया है।बताया जा रहा है की पीड़ित अपने दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट पर बैठा हुआ था। इसी दौरान उसका पूर्व पार्टनर अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और मारपीट करते हुए उसका अपहरण कर ले गया।

दोस्तों ने मामले की जानकारी पीड़ित के परिजनों को दी। परिजनों के बाद करने पर आरोपी पक्ष ने 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी कराई लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चला। लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस आरोपी तक पहुंच गई और अपहरणकर्ताओं के चंगुल से प्रॉपर्टी कारोबारी को मुक्त करवाया।

पुलिस के बताए अनुसार सोनू शर्मा निवासी लालसोट जिला दौसा हाल जयपुर में रहकर प्रॉपर्टी का कारोबार करता है और महारानी फार्म दुर्गापुरा में परिवार सहित रहता है।

बुधवार शाम सोनू अपने दोस्त हनी के साथ राजा पार्क गली-4 स्थित एक रेस्टोरेंट पर बैठा हुआ था और अपने दोस्तों से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान उसका पूर्व पार्टनर प्रकाश चंद अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा मारपीट करते हुए सोनू को कार में डालकर ले गया।

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने चलती कार में उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट करते हुए आरोपी उसे लालसोट स्थित रामगढ़ में सुनसान जगह ले गए,वहां भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट करते हुए 50 लाख रुपए की डिमांड की।

सोनू के अपहरण होने के बाद दोस्त हनी ने मामले की जानकारी सबसे पहले उसके परिवार वालों को दी। जिसके बाद परिजनों ने आदर्श नगर थाने पहुंच पुलिस को इस मामले के बारे में बताया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में नाकाबंदी कराई। लेकिन आरोपियों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस ने सोनू के मोबाइल फोन को ट्रेस कर आरोपियों तक पहुंच गई। लेकिन पुलिस को आरोपी सोनू को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस पीड़ित सोनू को रामगढ़ से जयपुर ले आई। पीड़ित के बयानों के आधार पर पुलिन ने अपहरण को मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# देवनानी ने सीए स्टूडेंट टैलेंट सर्च ग्रैंड फिनाले का किया शुभारंभ

- देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है चार्टर्ड अकाउंटेंट
- प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र हित में हो : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ही होते है। जीएसटी आने के बाद उद्योगपति समूह में सीए की आवश्यकता प्रतिपादित हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुदृढ़ आर्थिक नीतियों के कारण भारत विश्व में आर्थिक शक्ति के रूप में चौथे नंबर आ गया है। निकट भविष्य में भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा। देवनानी का मानना था कि जब देश के सभी सीए मिलकर नेशन फर्स्ट की भावना के साथ कार्य करेंगे तो 2040 तक विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत का पहला स्थान होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जयपुर में पहली बार हो रहे सीए स्टूडेंट टैलेंट सर्च ग्रैंड फिनाले-2025 "समर्थ" का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। समारोह में देवनानी का सीए एसोसिएशन द्वारा दुपट्टा पहनाकर, स्मृति चिन्ह और पौधा भेट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर देवनानी ने देश के विभिन्न भागों से आये सीए को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा को मंच मिलना ही भविष्य निर्माण की पहली सीढ़ी है। सीए जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का यह संगम निश्चित ही प्रेरणादायी है। संख्या और संस्कृति जब मिलती हैं, तब व्यक्तित्व संपूर्ण बनता है। प्रतिभा केवल अंकपत्रों में नहीं होती, वह आत्मा की भाषा होती है। इस मंच से निकलने वाली युवा प्रतिभाओं की ऊर्जा भविष्य के भारत को नया आकार देगी।देवनानी ने कहा कि उनका जीवन का अधिकांश समय विधार्थियों के साथ निकला है। उनके मन में भी सीए बनने की चाहत थी। देशभर से आये सीए विधार्थियों का देवनानी ने गुलाबी नगर जयपुर में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सीए अपनी प्रतिभा का उपयोग राष्ट्रिहत में करें। जैसा चल रहा है, वैसा ही चलता रहेगा ऐसी सोच वाली प्रवृति ठीक नहीं है। सभी आगे बढ़े, तरीके से आगे बढ़े, मिलकर आगे बढ़े और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रिहत में अपनी प्रतिभा का उपयोग करें। देवनानी ने कहा कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक नीतियों के कारण विश्व में राष्ट्र की धाक जमने लगी है। हमें इस प्रगति को निरंतर बनाये रखने में योगदान देना है।

उन्होंने कहा कि विश्व का कोई देश नहीं चाहता कि भारत सिरमोर बनें। इसलिये देश को आगे बढ़ाने में राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति अपने प्रोफेशन के साथ-साथ राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने में योगदान करें। राष्ट्र के लिये अपनी प्रतिभा का विस्तार करें और उसका उपयोग करें। देवनानी ने कहा कि अनुभव और मेहनत से सफलता मिलती है। सफलता के लिये समय प्रबंधन के साथ अपनी प्रतिभा का सदुपयोग किया जाना आवश्यक है।

समारोह को शिव कुमार शर्मा, रोहित रुवाटिया, अंकुर गुप्ता, कमल जैन, विकास यादव और सीए विधि ने भी संबोधित किया।

# विद्युत चोरी से संचालित हो रहे थे पी.जी. हॉस्टल

- लाइब्रेरी, पोल्ट्री फार्म एवं आरओ प्लांट
- 8 मामलों में लगाया 20 लाख 66 हजार का जुर्माना

**जयपुर।** जयपुर विद्युत वितरण निगम की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को चौमू, शाहपुरा, भांकरोटा एवं आदर्श नगर क्षेत्र में सतर्कता जांच के दौरान पी.जी. हॉस्टल, लाइब्रेरी, पोल्ट्री फार्म, आरओ मिनरल प्लांट व आवासीय परिसर सहित कुल 8 जगहों पर विद्युत चोरी पकड़ी। इन प्रकरणों में 20 लाख 66 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) बी.एल.शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम जाटावाली महादेव नगर-प्रथम स्थित एक पी.जी. हॉस्टल में विद्युत चोरी पाये जाने पर करीब 95 हजार का जुर्माना लगाया गया।

वहीं शाहपुरा के जोधपुरा स्थित एक लाइब्रेरी की जांच में विद्युत चोरी पाये जाने पर करीब 2 लाख 20 हजार का जुर्माना लगाया गया। हनुतपुरा में एक फेज को डायरेक्ट करके विद्युत चोरी से पोल्ट्री फार्म का संचालन पाये जाने पर करीब 7 लाख 53 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

जगतपुरा व अमलोदा में दो घरेलू उपभोक्ता परिसर में अवैध तार जोडकर विद्युत चोरी करते पाये गये, जिस पर करीब 1 लाख 21 हजार व करीब 1 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

इसी प्रकार भांकरोटा एवं आदर्श नगर में 3 उपभोक्ताओं के परिसर में विद्युत चोरी पकड़ी गई, जिनमें से एक अघरेलू कनेक्शन आर.ओ. मिनरल प्लांट में विद्युत मीटर को टेम्पर करके विद्युत चोरी पाई गयी जिस पर 3 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया गया। यहां तीनों मामलों में कुल 7.15 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

सभी प्रकरणों में वीसीआर भरी गई है। विद्युत कनेक्शन काटकर राजस्व वसूली की कार्यवाही जारी है, यदि उपभोक्ता द्वारा जुर्माना राशि निर्धारित समयावधि में जमा नहीं करवायी जाती है तो उनके विरूद्ध विद्युत् चोरी निरोधक पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जावेगा।

# सोशल मीडिया पर का इस्तेमाल कर की जा रही है ठगी

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को साइबर अपराधों की बढ़ती और बदलती प्रकृति के प्रति आगाह किया है। पुलिस ने एक नई तरह की धोखाधड़ी के संबंध में चेतावनी जारी की है, जिसमें साइबर अपराधी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर नामचीन व्यक्तियों, परिचितों, या किसी फर्म,कंपनी के प्रमुख की तस्वीर लगाकर लोगों को ठग रहे हैं। एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर ठग अक्सर विभागों के प्रमुखों, नामचीन व्यक्तियों, या किसी कंपनी के चेयरमैन,मालिक की प्रोफाइल तस्वीर का इस्तेमाल करते हैं। वे या तो खुद को वह व्यक्ति बताते हैं या खुद को उनके अधीन काम करने वाला बताकर अपने मोबाइल नंबर से मैसेज या कॉल करते हैं। धोखेबाज स्वयं को या उस व्यक्ति को किसी बैठक में व्यस्त या आपात स्थिति में होने का बहाना बनाते हैं, और तत्काल पैसों की मांग करते हैं। वे प्रोजेक्ट से संबंधित खर्च, आपातकालीन स्थिति या सरकारी खर्च का बहाना बनाकर आमजन, कनिष्ठ अधिकारियों या कर्मचारियों को फोन,वीडियो कॉल करते हैं और यूपीआई के माध्यम से तुरंत पैसे ट्रांसफर करने का निर्देश देते हैं।

# कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर, अदालतों में कामकाज ठप

- प्रदेश के करीब 21 हजार न्यायिक कर्मचारी शुक्रवार से सामूहिक रूप से अवकाश पर चले गए

**जयपुर** । राजधानी सहित प्रदेश की करीब 1600 से अधिक अधीनस्थ अदालतों में आज से न्यायिक कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के करीब 21 हजार न्यायिक कर्मचारी शुक्रवार से सामूहिक रूप से अवकाश पर चले गए हैं। वहीं बीते पांच दिनों ने सेशन कोर्ट परिसर में धरना व भूख हड़ताल की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से किसी तरह की सुनवाई नहीं होने पर कर्मचारी संघ ने अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहने का निर्णय लिया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेन्द्र नारायण जोशी ने बताया कि न्यायिक कर्मचारियों में मंत्रालयिक और स्टेनोग्राफर कैडर के पुनर्गठन की मांग पिछले दो साल से लंबित है। इस बाबत हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने 6 मई 2023 को प्रस्ताव पास करके राज्य सरकार को भिजवा दिया था, लेकिन सरकार ने दो साल बाद भी इसे लागू नहीं किया। इससे न्यायिक कर्मचारियों को प्रमोशन के कम मौके मिल रहे हैं और उनका आर्थिक नुकसान भी हो रहा हैं। राज्य सरकार ने दूसरे सरकारी विभागों के कर्मचारियों में इन दोनों संवर्गों का पुनर्गठन तुरंत ही कर दिया गया था, लेकिन न्यायिक कर्मचारियों के साथ सरकार भेदभाव कर रही है। न्यायिक कर्मचारियों ने मई में भी अनिश्चितकालीन भूख हडताल शुरू की थी, लेकिन भारत-पाक तनाव के बीच आंदोलन को स्थगित कर दिया था। इसके बाद 14 जुलाई से एक बार फिर न्यायिक कर्मचारियों ने आंदोलन का ऐलान कर दिया था।

वहीं जिला न्यायालय कर्मचारी संघ के पूर्व पदाधिकारी बद्रीलाल ने कहा कि गुरुवार को सभी जिला अध्यक्षों की आपात बैठक बुलाई गई थी। जिसमें तय किया गया कि शुक्रवार से सभी कर्मचारी अवकाश पर रहेंगे।

# जे.डी.ए. प्रशासन ने महज 3 दिन में बांटें करीब 30 हज़ार पौधे

-कार्यालय संवाददाता-



जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत क़रीब 30 हज़ार पौधे आमजन में वितरित किए।

- ग्रेटर और हैरिटेज निगम भी आमजन में वितरित कर रहा निःशुल्क पौधे

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत बीते बुधवार से शुक्रवार शाम तक मात्र 3 दिन में क़रीब 30 हज़ार पौधे आमजन में वितरित किए है। यह पौधे आमजन को 50 रुपए की रियायती दरों पर दिए जा रहे हैं। जेडीए ने पौधा वितरण के लिए शहर में 13 सेंटर्स बनाए हैं, ताकि मानसून में आमजन को बेवजह परेशान नहीं होना पड़े। अक्टूबर माह के अंत तक 10 फ़ीट ऊंचाई के 30 हज़ार पौधे वितरण का लक्ष्य रखा गया था, जो कि महज 3 दिन में ही पूरा हो गया। परन्तु अब भी लोग जेडीए के वितरण केंद्रों पर पौधे लेने के लिए उमड़ रहे है, क्योंकि अगर 10 फ़ीट ऊंचाई का पेड़ अगर बाजार से खरीदा जाये तो करीब 300 से 500 रुपये चुकाने पड़ रहे है।

वरिष्ठ उद्यानविज्ञ नरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि जेडीए आयुक्त आनंदी के निर्देशानुसार शहर में 13 वितरण केंद्रों पर आमजन को 10 फ़ीट ऊंचाई के पेड़ महज 50 रुपए के रियायती शुल्क पर उपलब्ध करवाए जा रहे है। इसके लिए प्रतिव्यक्ति को एक आधार कार्ड की फोटोकॉपी पर 5 पेड़ दिए जा रहे है। आमजन में भी पेड़ों के लिए भरपूर उत्साह देखा जा रहा है।

जेडीए प्रशासन ने सभी वितरण केंद्रों पर सेल्फी पॉइंट भी बनाये है, जिनकी थीम "एक पौधा मां के नाम" और हरियालो राजस्थान रखी है। जेडीए प्रशासन ने पौधरोपण की मॉनिटरिंग के लिए भी जोनवार प्रभारी नियुक्त किये है। गौरतलब है कि जेडीए की ओर से आमजन को मौलश्री, अशोक, अर्जुन, शीशम, कदम, गूलर, नीम, पिलखन, बॉटलब्रश, गुलमोहर, अमरुद और जामुन के पेड़ उपलब्ध करवाए जा रहे है।वहीं ग्रेटर निगम ने भी करीब 33 हज़ार पौधे बीते 10 दिनों में आमजन के वितरण के लिए भेजे है। उद्यानविज्ञ रविंद्र सिंह के मुताबिक 33 हज़ार पौधे गत 9 जुलाई से अब तक आमजन को मुहैया करवाए जा चुके है। उन्होंने बताया कि वन विभाग से ग्रेटर निगम ने 1 से 4 फ़ीट तक के पौधे लिए है। इनमे से अब तक पार्षदों को 13 हज़ार पौधे पहुचाये जा चुके है।

इसके अलावा 8 हज़ार पौधे सार्वजानिक पार्कों में लगवाए है। शेष पौधे ग्रेटर निगम के 7 जोन के माध्यम से आमजन को निःशुल्क वितरित किये जा रहे है।

हेरिटेज निगम की उद्यान उपायुक्त मोनिका सोनी ने बताया कि तमाम 100 पार्षदों की अनुशंसा पर 100-100 पौधे वितरण के लिए उद्यान अधीक्षक छाजूराम को निर्देश दिए है। साथ ही मानसून में सरकारी जमीनों और पार्कों में भी पौधे लगाए जा रहे है। इसके लिए वन विभाग से पौधे मंगवाए गए है।

हैरिटेज निगम द्वारा जिओ टैगिंग के साथ पौधों का वितरण किया जा रहा है, पौधे देने और प्राप्त करने वाले लोगों के भी हस्ताक्षर करवाए जा रहे है, जिसके लिए रसीद नंबर भी रहेगा।

# मोबाइल छीनने वाला मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर।** शिप्रा पथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने वाले एक मोबाइल स्नैचर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से छीने गए दो मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित नशे करने का आदि है और नशा पूर्ति और मौज-मस्ती के लिए चेन स्नेचिंग की वारदात करता है और इससे पहले भी दो बार जेल जा चुका है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने वाले मोबाइल स्नैचर रितिक शर्मा निवासी मथुरा गेट जिला भरतपुर हाल मुहाना को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से छीने गए दो मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशे करने का आदि है और नशा पूर्ति और मौज-मस्ती के लिए चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देता है और औने-पौने दामों में बेच देता है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

# कृषक खेती में नवीन तकनिकों का ज्यादा से ज्यादा करें उपयोग : कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री

- एआई का उपयोग कर के किसान बेहतर तरीके से फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग का पता लगाना, मौसम का पुर्वानुमान आदि का समय से ही पता लगा सकते है



डॉ. किरोडी लाल मीणा ( दांये से दूसरे ) की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया।

**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कृषि को पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ाकर उत्पादकता और कृषकों की आय बढ़ाने के लिए नवीन कृषि पद्धितयों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने पारंपरिक और जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कि कृषक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम से कम करें, इसके लिए विभागीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों को ज्यादा से ज्यादा जागृत करें।

डॉ. किरोडी लाल मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में कृषि विकास, मृदा की स्थिति, कृषि में एआई का उपयोग, कृषि यंत्रीकरण और बायोफर्टिलाइजर व पेस्टिसाइट के उपयोगों पर कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। एआई का उपयोग कर के किसान बेहतर तरीके से फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग का पता लगाना, मौसम का पुर्वानुमान आदि का समय से ही पता लगा सकते हैं। एआई द्वारा फसलों के रोगों की समय पर पहचान कर किसान उचित कीटनाशकों व उर्वरकों का उपयोग कर फसल में होने वाले नुकसान से बच सकते हैं। बैठक में बताया कि मृदा पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करती है। कृषि, वनस्पति एव जैव विविधता के लिए मृदा की गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और बार-बार एक ही फसल उगाने से मृदा की उर्वरकता घट जाती है। मृदा की स्थिति सुधारने के लिए रासायनिक उर्वरकों की जगह किसानों को गोबर खाद, कंपोस्ट एवं वर्मीकंपोस्ट का उपयोग करना चाहिए। बायोफर्टिलाइजर ऐसे जीवित सूक्ष्म जीव होते हैं।

# बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा, नौ आरोपी गिरफ्तार

## चोरी और लूट की नीयत से घर में घुसे बदमाशों ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी थी



ग्राम कुरडाया में हुई बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया।

■ बुजुर्ग महिला ब्याज का काम करती थी और गांव में यह चर्चा थी कि उसके पास बड़ी राशि रखी हुई है

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। मेड़ता समीपवर्ती ग्राम कुरडाया गांव में हुई बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में नागौर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी और लूट की नीयत से घर में घुसे बदमाशों ने महिला के जागने पर उसका गला दबाकर हत्या कर दी थी। नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस हत्याकांड का खुलासा किया।

एसपी ने बताया कि इस मामले में मेड़ता सिटी डीएसटी और मेड़ता थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और पहले भी अपराधिक मामलों में लिप्त रह चुके हैं। नागौर एसपी ने बताया तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर इन आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि बुजुर्ग महिला ब्याज का काम करती थी और गांव में यह चर्चा थी कि उसके पास बड़ी राशि रखी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए गांव के कुछ युवकों ने जोधपुर से अपराधियों को बुलाकर चोरी और लूट की योजना बनाई। वारदात वाली रात बदमाशों ने योजना के अनुसार घर में घुसकर महिला से पैसे लूटने की कोशिश की, लेकिन महिला के जागने पर आरोपियों ने बुजुर्ग महिला का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

नागौर पुलिस अधीक्षक ने इस सफल खुलासे के लिए मेड़ता डीएसटी और थाना पुलिस टीम की सराहना की है और कहा कि इस केस में आगे की पूछताछ के बाद और भी महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। डीएसटी और मेड़ता पुलिस को बड़ी सफलता मिलने पर मेड़ता नागरिकों द्वारा नागौर पुलिस अधीक्ष नारायण राम टांगेस, मेड़ता वृताधिकारी रामकरण मलिंडा, मेड़ता थानाधिकारी धर्मेश दायमा के साथ महेंद्र, अनीश, अशोक, नरेश, कालू राम, कमल, नरसी राम किलक सहित पुलिस के सिपाहियों और अधिकारियों का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

# डोडा-पोस्त केस में तीन को कठोर कारावास

■ चौथे आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए न्यायालय ने बरी किया

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित डोडा-पोस्त तस्करी प्रकरण में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह कार्रवाई वर्ष 2016 में झड़वासा गांव के पास हाइवे पर की गई नाकाबंदी के दौरान पकड़े गए बड़े मादक पदार्थ के जखीरे के संबंध में हुई।

प्रकरण के अनुसार, प्रशिक्षु आईपीएस तेजस्विनी गौतम ने सदर थाना पुलिस टीम के साथ नाकाबंदी के दौरान एक कार और ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से कुल 904 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया गया था। मौके से हरियाणा निवासी भजनलाल, सुखविंदर और जितेंद्र को गिरफ्तार किया गया था। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 21 गवाहों और 41 दस्तावेजों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अपर लोक अभियोजक महेंद्र चौधरी द्वारा प्रस्तुत सशक्त तर्कों से सहमत होते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवीन मीणा ने तीनों आरोपियों भजनलाल, सुखविंदर और जितेंद्र को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास तथा एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं, चौथे आरोपी लाल सिंह को संदेह का लाभ देते हुए न्यायालय ने दोषमुक्त कर बरी कर दिया। यह निर्णय मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध सख्त कानूनी रुख का उदाहरण है और क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संदेश भी देता है कि ऐसे अपराधों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## मुख्य सूची जारी

**अजमेर,** (कासं)। आयोग द्वारा पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड- द्वितीय (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन उपरांत मुख्य सूची जारी कर दी है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षांतर्गत 8 अप्रेल को जारी विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य किया गया।


**Municipal Board Of Bagru (Jaipur)**

क्रमांकः- न.पा.ब./2024-25/411 दिनांक :- 18.07.2025

:: E- Notice Inviting Bid ::

Bid for Municipal Board Of Bagru For Works (01) Date 18.07.2025 invited form interested bidders Date 27.07.2025 Upto 6:00 AM Other particulars of the bid may be invited on the procurement portal, http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state.

UBN CODE :- DLB2526WSOB11580

राज.संवाद/सी/24/6469 Executive officer



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. HINDAUN**

File No. 1101-1109 Date: 08.07.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid (E-NIT No. 03/2025-26) for "Road, Building Repair & Maintenance Work, Water Tank & Flood Restortion Work" are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 21.07.2025 procurement portal (http://eproc.rajsthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 87.52 lacs.

NIB NO. PWD2526A1811

UBN NO. 1. PWD2526WSRC06468, 2. PWD2526WSRC06470, 3. PWD2526WSRC06471, 4. PWD2526WSRC06472, 5. PWD2526WSRC06473, 6. PWD2526WSRC06474, 7. PWD2526WSRC06475

(Lalit Kumar Meena)
Executive Engineer
PWD Division Hindaun

DIPR/C/9742/2025


# एम्स अस्पताल में बच्चे के परिजन ने डॉक्टर को थप्पड़ जड़ा

## आरोपी के खिलाफ केस दर्ज, पुलिस ने गिरफ्तार किया

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एम्स चिकित्सालय में कार्यरत जूनियर रेजीडेंट के साथ हाथपाई और मारपीट किए जाने का प्रकरण सामने आया है। आरोपी डॉक्टर से उलझा और मारपीट करने के साथ जूनियर रेजीडेंट को थप्पड़ जड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मरीज के परिजन को शांतिभंग में गिरफ्तार किए जाने के साथ उसके खिलाफ राजकार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने का प्रकरण दर्ज किया है।

बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि नागौर जिले के कुचेरा स्थित करमसोत का रहने वाला धनराज पुत्र चंपालाल अपने बच्चे के इलाज के लिए एम्स चिकित्सालय आया था। 16 जुलाई की रात में वह एक्स-रे की लाइन में खड़ा था और काफी देर तक नंबर नहीं आने पर वह बीच में घुसने का प्रयास करने लगा था, साथ ही वहां ड्यूटी पर कार्यरत जूनियर रेजीडेंट डॉक्टर निखिल से उलझने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया। जूनियर रेजीडेंट का आरोप है कि मरीज के परिजन ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। थानाधिकरी दवे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जूनियर रेजीडेंट डॉक्टर निखिल ने राजकार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच एएसआइ धन्नाराम की तरफ से की जा रही है।

# आर.ए.एस. भर्ती-2023 के साक्षात्कार का सातवां चरण चार से

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शुक्रवार को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती-2023 साक्षात्कार के सातवें चरण एवं सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती, 2023 के अंतर्गत गणित विषय के द्वितीय चरण का साक्षात्कार कार्यक्रम जारी किया गया है।

आयोग सचिव ने बताया कि राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती, 2023 के तहत सातवें चरण के साक्षात्कार का आयोजन 4 से 21 अगस्त 2025 तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। इस भर्ती हेतु साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन-पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

सहायक आचार्य गणित के साक्षात्कार का द्वितीय चरण- सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2023 के अन्तर्गत गणित विषय के पदों हेतु द्वितीय चरण के साक्षात्कार का आयोजन भी 4 से 21 अगस्त 2025 तक किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग वेबसाइट से डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उक्त भर्तियों के तहत संबंधित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।


**कार्यालय नगर निगम जोधपुर- दक्षिण**

पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर के अन्दर, गौरव पथ, जोधपुर

फोन संख्या :-0291-2651491 हेल्पलाईन :- 0291-2651473 e- mail:ceo_nnj@rediffmail.com

क्रमाकः- सं./एफ-15/कार्य/2025/RL-15992 दिनांकः- 17.07.2025

**ई- निविदा सूचना क्रमांक RL-15986 दिनाक 17.07.2025**

UBN No. DLB2526WSOB11572

जोधपुर नगर निगम दक्षिण द्वारा इच्छुक कार्यो के अनुभवी/योग्यताधारी, डिजिटल विधुत लाईसेन्सधारी संवेदको, नगर निगम में पंजीकृत नियमानुसार E-EWSD श्रेणी संवेदको, अन्य विभाग में पंजीकृत E-EWSD-I ऑन-लाईन "ई" टेण्डर प्रकिया से निगम शर्तो के अधीन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा के कार्यो, योग्यता, शर्तो की समस्त जानकारी वेबसाईट पर www.eproc.raj.in अथवा www.sppp.raj.nic.in अथवा https://lsg.rajasthan.gov.in/MCJS पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर निगम जोधपुर (दक्षिण)

राज.संवाद/सी/25/6450


# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म मामले में पिता गिरफ्तार

■ पीड़ित किशोरी की मां की ओर से पंजाब के एक शहर में पुलिस को दिए गए परिवाद पर दर्ज जीरो नंबरी एफआईआर थाने पहुंची तो मामले का खुलासा हुआ

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। एक पिता द्वारा अपनी ही नाबालिग बेटी का शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। पीड़ित किशोरी की मां की ओर से पंजाब के एक शहर में पुलिस को दिए गए परिवाद पर दर्ज जीरो नंबरी एफआईआर थाने पहुंची तो मामले का खुलासा हुआ।

सदर एसएचओ सुभाषचंद्र ने पीड़िता किशोरी के बयान, मेडिकल जांच और मजिस्ट्रेट बयानों के बाद आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। एसएचओ सुभाष चंद्र ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आरोपी ने दो शादियां की हुई हैं। यह पीड़िता पहली पत्नी से जन्मी हुई है। पीड़िता के एक बड़ी बहन भी है जिसकी शादी की हुई है। पीड़िता की मां ने आरोपी को तलाक दे रखा है और पंजाब के एक शहर में रहती है। पीड़िता किशोरी 15 साल 10 माह की है। उसने बयानों में बताया कि 25-26 जून की रात को उसके पिता ने शराब के नशे में उसके साथ दुष्कर्म किया। उस रात घर में इनके अलावा कोई नहीं था। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने एफआईआर और बयानों में बताया कि रात को उसके पिता ने दूध में कोई नशा मिलाया हुआ था। दूध में कड़वाहट थी। दूध पीने के आधे से पौने घंटे बाद पीड़िता अचेत हो गई। सुबह उठने पर पता चला कि उसके साथ रात में गलत हुआ है। पिता ने धमकाया तो पीड़िता डर के मारे घबराकर चुप रह गई। अपनी बुआ को आपबीती बताई तो मामले का खुलासा हुआ।

पीड़िता की मां पंजाब से श्रीगंगानगर आई और अपनी बेटी को साथ लेकर अपने ससुराल चली गई। वहां पीड़िता को उसकी मां बाल कल्याण समिति के ऑफिस लेकर गई। समिति की महिला सदस्यों ने किशोरी से बातचीत कर जानकारी जुटाई। इसके बाद पंजाब के शहर के थाने में भेजकर मुकदमा दर्ज करवाया गया। पंजाब के थाने से जीरो नंबरी एफआईआर एसपी ऑफिस होते हुए थाने पहुंची। यहां तत्काल मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता और उसकी मां को थाने बुलाकर पूछताछ कर बयान दर्ज किए गए। आरोपी पिता पर आरोप प्रमाणित पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया।

## परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा, 2024 (माध्यमिक शिक्षा विभाग) का विषयवार विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं 7 सितंबर से शुरू होकर 12 सितंबर 2025 तक चलेंगी। आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा के सुगम संचालन के दृष्टिगत 8 विषयों को 4 ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में सामाजिक विज्ञान, ग्रुप-बी में हिंदी, गुप-सी में विज्ञान, संस्कृत एवं उर्दू तथा ग्रुप-डी के अन्तर्गत गणित, अंग्रेजी एवं पंजाबी विषयों की परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप-ए 7 सितंबर को प्रातः 10 से 12 बजे तक सामान्य ज्ञान तथा दोपहर 3 से 5.30 बजे तक सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा तो वहीं ग्रुप-बी 8 सितंबर 2025 को प्रातः 10 से 12 बजे तक सामान्य ज्ञान तथा दोपहर 3 से 5.30 बजे तक हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार ग्रुप- सी 9 सितंबर को प्रातः 10 से 12 बजे तक सामान्य ज्ञान तथा दोपहर 3 से 5.30 बजे तक विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 10 सितंबर को प्रातः 10 से 12.30 बजे तक संस्कृत एवं 3 से 5.30 बजे तक उर्दू विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा और इसी तरह ग्रुप डी, 11 सितंबर को सामान्य ज्ञान तथा गणित विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।



अजमेर में शुक्रवार को हुई मूसलाधार बरसात से बाढ़ जैसे हालात हो गए। बरसात से शहर की कई कॉलोनियां, सड़क मार्ग जलमग्न हो गये तो वहीं ख्वाजा साहब की दरगाह परिसर में पानी भर गया। तेज बरसात के बाद स्टेशन रोड पर पानी भर गया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, वृत बीकानेर**

Email ID-sephedbkn@gmail.com Contact No. 0151-2226454

क्रमांक-3841 दिनांक-09.07.2025

**बोली सूचना संख्या 04/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मोरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इस कार्य का निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 10.07.2025 को दोपहर 06.00 बजे से दिनांक 24.07.2025 को सायं 06.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 25.07.2025 को दोपहर 01.00 बजे उपस्थिति निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाईन http://eproc.rajsthan.gov.in पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र में शुल्क, धरोहर राशि ई-चालान के रूप में निविदा प्रपत्र में वर्णित पक्ष में देय हो, जमा करानी होगी। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट "www.sppprajasthan.gov.in" एवं http:/eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। कार्य की राशि 122.54 लाख हे। शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी। डाक द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

UBN NO. PHE2526WSOB04476

*जल सीमित हैं, इसकी बचत करें।*

(खेमचन्द सिंगारिया)
अधीक्षण अभियंता
जन स्वा. अभि विभाग
वृत बीकानेर

DIPR/C/9822/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, बाड़ी**

पता-बाईपास किला बाडी-328021 फोन नं. 05647-274684 ई मेल- ee pwdbari@rediffmail.com

क्रमांक-02 दिनांक-10.07.2025

**निविदा सूचना संख्या-01/2025-2026**

(NIB-PWD2526A1865)

(UBN-PWD2526WSOR06669, PWD2526WSOR06670

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बाडी जिला धौलपुर में कुल 2 नं. पर सडक कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबधित विवरण वेबसाईट "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है।

(पूरन सिंह)
अधिशाषी अभियन्ता
सा नि वि खण्ड बाडी

DIPR/C/9820/2025


# सीकर जिले में 94356 व्यक्तियों ने खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा

**सीकर।** मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

**खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्डः** परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख रूपये से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक सीकर जिले में 94356 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अजमेर**

मृदंग सिनेमा के सामने, श्रीनगर रोड डिस्पेन्सरी के पास, पाल बीचला, अजमेर

दूरभाष नं. 0145-2424944, ई-मेल- eemhajmer@ymail.com

क्रमांक-ई.ई./अजमेर/25-26/486 दिनांक-11.07.2025

**निविदा सूचना संख्या-13/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के राशि 508.60 लाख के आठ (8) कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN NO. 1. NRH2526WSOB00698, 2. NRH2526WSOB00699, 3. NRH2526WSOB00700, 4. NRH2526WSOB00701, 5. NRH2526WSOB00702, 6. NRH2526WSOB00703, 7. NRH2526WSOB00704, 8. NRH2526WSOB00705

अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, अजमेर

DIPR/C/9895/2025


# छात्रा को सोशल मीडिया पर मैसेज भेजने पर सरकारी टीचर एपीओ



शिक्षक लखनलाल शर्मा।

■ मैसेज में लिखा कि प्लीज समझा करो एक बार वीडियो कॉल कर दो

■ लगातार सरकारी शिक्षक द्वारा परेशान करने पर पीड़ित छात्रा ने अभिभावकों को शिकायत की

**आसींद/भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद विधानसभा क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालासेरी में सरकारी शिक्षक द्वारा कक्षा दसवीं की छात्रा को वीडियो कॉल पर बात करने के मैसेज भेजे गए। लगातार सरकारी शिक्षक द्वारा परेशान करने पर पीड़ित छात्रा ने अभिभावकों को शिकायत की। शिक्षक की करतूत सुनकर छात्रा के परिजन स्कूल पहुंचे और प्रिंसिपल को शिकायत की। इस पर प्रिंसिपल ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आसींद को घटना से अवगत कराया। सीबीईओ ने इस मामले को गंभीर मानते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और प्रिंसिपल की शिकायत पर संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा अजमेर संभाग अजमेर अनिल कुमार शर्मा ने तत्काल प्रभाव से शिक्षक लखनलाल शर्मा को आदेशों की प्रतीक्षा में (एपीओ) करते हुए मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़ा कर दिया और इस संबंध में जांच प्रारंभ कर दी है।

छात्रा ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक लखनलाल शर्मा जो मूलतः चूरू जिले के निवासी हैं, के द्वारा व्हाट्सएप पर बात करने के मैसेज किए गए और लिखा कि एक बार प्लीज वीडियो कॉल करो तथा इंस्टाग्राम पर बात करने जैसे मैसेज किया जा रहे हैं। पीड़ित छात्रा ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभाग की नींद खुली और आरोपी शिक्षक लखन लाल को जिला शिक्षा अधिकारी भीलवाड़ा ने एपीओ करने के आदेश जारी कर दिए।

जानकारी के अनुसार इससे पूर्व भी इसी पीईईओ क्षेत्र में अध्यापक कंवरलाल एवं कर्मचारी लीला द्वारा की गई अश्लील हरकतों की जांच करवाने के संदर्भ में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भीलवाड़ा की जांच प्रक्रियाधीन है। क्षेत्र में हो रही राजकीय विद्यालयों में इस तरह की अश्लील गतिविधियों तथा घटनाओं के कारण क्षेत्र में रोष है तथा क्षेत्रवासियों ने शिक्षण मंदिर में हो रही इस तरह की घटनाओं पर प्रशासन से कार्रवाई करने का अपील की है।

# बरसाती पानी में डूबने से दो बहनों की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। कोलायत में बरसाती पानी में डूबने से दो बहनों की मौत हो गई। तीसरी बहन ने बचाने की कोशिश की, लेकिन बचा नहीं सकी। घटना देर रात की है। कोलायत हॉस्पिटल में शवों का पोस्टमॉर्टम हुआ।

एएसआई जय सिंह के अनुसार चक कन्या बंधा निवासी भंवरदान चारण की तीन बेटियां शाम को बरसात के बाद गांव के पास पानी में खेलते हुए नहा रही थी। खेलते-खेलते सरला (9) और अवनी (6) गहरे पानी में फिसल गई। गड्ढा इतना गहरा था कि दोनों डूबने लगी। तीसरी बहन ने बचाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। उसी ने दौड़कर गांव वालों को सूचना दी। ग्रामीणों और परिजनों ने मौके पर पहुंचकर दोनों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थी। घटना की सूचना पर तहसीलदार पूनम कंवर, जिला परिषद सदस्य मोहनदान चारण, मंडल सरपंच प्रतिनिधि शिव मेघवाल, छैलूदान, जेठूदान, लखनदान सहित कई लोग पहुंचे। मर्ग दर्ज होने के बाद मामले की जांच की जा रही है। हादसे की पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी को सूचना मिली तो उन्होंने पुलिस से बातचीत की। परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। विधायक अंशुमान सिंह भाटी और पूर्व प्रधान जयवीर सिंह भाटी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही प्रशासन से आवश्यक मदद व दिशा-निर्देश दिए है।

## युवती से दुष्कर्म

**खाजूवाला,** (निसं)। एक चक में 16 साल की युवती से दुष्कर्म और उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता और उसके पिता की तरफ से खाजूवाला थाना पुलिस को रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि खाजूवाला निवासी राहुल पूनिया ने युवती के परिजनों को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती का अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किया। 14 जुलाई की रात को युवती के घर पहुंचा। वह युवती के साथ जबरदस्ती कर ही रहा था कि तभी घर वालों की आंख खुली तो वह मौके से फरार हो गया। घरवालों ने पीछा किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।


**कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी जिला सीकर (राज.)**

बाईपास न्यू बस स्टेण्ड रोड, Ph-1571240246 ramgarh.jaipur@gmail.com

क्रमांकः- न.पा.रा./25-26/2245 दिनांक : - 17.07.2025

**निविदा सूचना 08/2024-25**

नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से मोहर बन्द निविदाये (ई-प्रोक्यूरमेन्ट) ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। टेण्डर ऑनलाईन http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्राप्त किये जाकर ऑन लाईन ही जमा कराने होगें। निविदा सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in), http://eproc.rajasthan.gov.in पर NIB Code DLB2526A3619 Bid Title / (UBN) DLB2526WSOB11473, DLB2526WSOB11474, DLB2526WSOB11475, DLB2526WSOB11476, DLB2526WSOB11478, DLB2526WSOB11481, DLB2526WSOB11485, DLB2526WSOB11488, DLB2526WSOB11490, DLB2526WSOB11493, DLB2526WSOB11500, DLB2526WSOB11502, DLB2526WSOB11503, DLB2526WSOB11504, DLB2526WSOB11507, DLB2526WSOB11509, DLB2526WSOB11514, DLB2526WSOB11518 पर देखी जा सकती है।

नोटः- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगढ (सीकर)

राज.संवाद/सी/25/6393



**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा

email :nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :-ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/507-521 दिनांक :-16.07.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 27/2025-26**

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों सेनिम्नांकित कार्य हेतु कुल राशि 97.48 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 21.07.2025 से दिनांक 31.07.2025 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड संख्या 71 तलवण्डी एवं इन्द्रा विहार में विभिन्न स्थानो पर फैन्सिंग एवं फैब्रिकेशन का कार्य। | 48.48 |
| 2 | नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड संख्या 71 तलवण्डी क्षेत्र के सेक्टर 01 व 02 एवं इन्द्रा विहार में विभिन्न स्थानो पर रोड़ के दोनो तरफ इन्टरलॉकिंग, सी.सी. एवं अन्य निर्माण/मरम्मत कार्य। | 49.00 |

NIB Code No.DLB2526A3611

UBN No.DLB2526WSOB11444 UBN No. DLB2526WSOB11445

राज.संवाद/सी/25/6441 अधिशाषी अभियन्ता

## देवस्थान मंत्री कुमावत ने पोर्टल का शुभांरभ किया

जयपुर। राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विती में वरिष्ठजन नागरिक तीर्थयात्री योजना-2025 के लिए देवस्थान विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस ऑनलाइन प्रक्रिया को देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने देवस्थान विभाग की वेबसाइट पर बटन दबाकर पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सचिव देवस्थान और कार्मिक विभाग के के पाठक , उप शासन सचिव आलोक सैनी, सहायक आयुक्त देवस्थान रतनलाल योगी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बाद में देवस्थान मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार इस बार 50 हजार वरिष्ठजनों को एसी ट्रेन व 6 हजार यात्रियों को हवाई जहाज से यात्रा कराई जाएगी। ऑनलाइन आवेदन 10 अगस्त-2025 तक किया जा सकेगा। इसके लिए 60 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक पात्र होंगे। आवेदक को राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक का जन्म एक अप्रेल-1966 से पूर्व होना चाहिए। इसके अलावा आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे यात्री जिनका चयन विगत वर्षों में हो गया और वे स्वेच्छा से यात्रा पर नहीं गए, उन्हें इस बार शामिल नहीं किया जाएगा।

# राजस्थान पुलिस की बड़ी सफलता : अवैध हथियार तस्करी का नेटवर्क ध्वस्त

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अपने विशेष अभियान में एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय और प्रतापगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने कुख्यात सलमान- अंकल गिरोह के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। इस अभियान के तहत अब तक 15 हथियार सप्लायर और गन हाउस संचालकों को उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा और राजस्थान-यूपी की विभिन्न जेलों से गिरफ्तार किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन के निर्देशों पर शुरू हुए इस ऑपरेशन में एजीटीएफ और प्रतापगढ़ पुलिस ने संगठित अपराध की कमर तोड़ दी है। पुलिस उपमहानिरीक्षक योगेश यादव और एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस बताया सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन और प्रतापगढ़ एसपी विनीत कुमार बंसल के समन्वय में इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

एजीटीएफ और प्रतापगढ़ पुलिस ने संयुक्त रूप से इस अभियान में गहन



राजस्थान पुलिस ने संचालक कमल सोलंकी, संचालक नवीन पोहिया तथा गोपाल उर्फ जोली शर्मा निवासी मथुरा को गिरफ्तार किया।

छानबीन की और पाया कि कई लाइसेंसी गन हाउस संचालक अवैध रूप से हथियार और कारतूस अपराधियों को बेच रहे थे।

इसके बाद कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए कुल 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को भी टीम ने रिया आर्म्स स्टोर मैनपुरी के संचालक कमल सोलंकी पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी देवरा जिला मैनपुरी यूपी को मैनपुरी से और काली गन हाउस मथुरा के संचालक नवीन पोहिया (35) तथा शर्मा गन हाउस मथुरा के संचालक गोपाल उर्फ जोली शर्मा निवासी मथुरा(उत्तर प्रदेश) को मथुरा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एडीजी एम एन ने बताया कि ऑपरेशन की शुरुआत 28 जून 2025 को हुई जब प्रतापगढ़ पुलिस ने हथियार सप्लायर राकेश राठौर को एक ऑटोमेटिक पिस्टल और दो खाली

- पांच गन हाउस संचालक सहित 15 हथियार तस्कर सलाखों के पीछे
- यूपी से राजस्थान तक फैला अवैध हथियारों का जाल कटा, एजीटीएफ और प्रतापगढ़ पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

मैगजीन सहित गिरफ्तार किया। राकेश से मिली जानकारी के आधार पर 2 जुलाई को मध्य प्रदेश के नागदा निवासी कुख्यात गैंगस्टर सलमान खान को बांसवाड़ा जेल से गिरफ्तार किया गया, जिसकी सूचना पर 14 अवैध देशी-विदेशी हथियार और 1860 कारतूस का बड़ा जखीरा बरामद हुआ। सलमान, जो अपने पिता की आपराधिक विरासत को आगे बढ़ा रहा था।

आगे की जांच में इस हथियार तस्करी नेटवर्क के कई मुख्य सरगना बेनकाब हुए और गिरफ्तार किए गए धीरेंद्र, कुंवर पाल सिंह और जितेंद्र उर्फ जीतू बिलोनी। ये भी इस सप्लाई चेन के महत्वपूर्ण सदस्य थे। जिन्हें 3 जुलाई को यूपी और धौलपुर से गिरफ्तार किया गयाोदोनों से पूछताछ और गहन अनुसंधान के बाद पुलिस ने अवैध हथियार सप्लायर और गन हाउस के संचालक रमा शंकर को 7 जुलाई को उत्तर प्रदेश के एटा से गिरफ्तार किया।

इस गिरोह का मास्टरमाइंड जो 8 जुलाई को लखनऊ जेल से गिरफ्तार हुआ। वह राकेश और जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू बिलोनी को प्रतिबंधित हथियार सप्लाई करता था। प्रवीण उर्फ अंकल को हथियार और कारतूस मुहैया कराने वाला एक और कुख्यात तस्कर, जिसे 10 जुलाई को फिरोजाबाद, यूपी से पकड़ा गया। 14 जुलाई को फिरोजाबाद जेल से गिरफ्तार हुए ये तीनों हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे और लाइसेंसी हथियारों के नंबर मिटाकर सप्लाई करते थे, इनमे राहुल के नाम एक लाइसेंसी गन हाउस था, जो साल 2009 में सील हो गया था।

## सार-समाचार

### कानूनगो पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भिवाड़ी टीम ने कार्रवाई करते हुए तहसील कार्यालय बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड़ के कानूनगो महेंद्र सिंह मौर्य को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी टीम रेवाड़ी को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके नाम से सन् 2023 में राजस्व ग्राम केहर पुरा में पाँच बिस्वा जमीन क्रय की गई थी। जिसकी रजिस्ट्री 19 जून 2023 को तहसील बानसूर में करवाई गई। उसके द्वारा क्रय की गई जमीन की हल्का पटवारी को रजिस्ट्री देने पर पटवारी द्वारा नामांतरण दर्ज करने की प्रक्रिया की गई। लेकिन सरपंच ग्राम पंचायत बबेरा द्वारा उक्त नामान्तरकरण को यह लिखते हुए खारिज कर दिया कि मौके पर जमीन कब्जे में नहीं है। इसके बाद परिवादी ने उक्त नामान्तरण दर्ज करवाने के लिए एसडीएम कोर्ट बानसूर में अपील के लिए प्रार्थना पत्र जरिये वकील पेश किया गया। एसडीएम कोर्ट द्वारा अपील पर कार्यवाही करते हुये तहसीलदार बानसूर को नामान्तरकरण नियमानुसार दर्ज करने के आदेश दिये गये। आदेश देने के बाद परिवादी तहसील बानसूर में ऑफिस कानूनगो महेन्द्र सिंह मौर्य से मिला और नामान्तरकरण के लिए, पूर्ण कार्यवाही में क्रेता विक्रेता के बयान तथा पटवारी की मौका रिपोर्ट करवाकर उनको दे दी गई। जब परिवादी ने कानूनगो महेंद्र सिंह मौर्य से नामान्तरकरण की आगे की कार्यवाही के लिए आदेश चाहा तो उन्होंने टालमटोल कर फिर परिवादी से उसकी माता जी के नाम नामांतरण दर्ज कराने के लिए हल्का पटवारी को आदेश दिलवाने के लिए कानूनगो महेन्द्र सिंह मौर्य ने पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। जिस पर एसीबी टीम रेवाड़ी के पुलिस उप अधीक्षक परमेश्वर लाल के नेतृत्व में ट्रैप की कार्रवाई करते हुए कानूनगो महेन्द्र सिंह मौर्य को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।



कानूनगो महेंद्र सिंह मौर्य

### 'हर वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हमारी प्राथमिकता'

जयपुर। राजस्थान में संगठित अपराधियों पर नकेल कसने और फरार अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेलने के लिए राजस्थान पुलिस ने कमर कस ली है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी)अपराध दिनेश एमएन ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए राज्य स्तर पर 25 सर्वाधिक सक्रिय वांछित अपराधियों की एक नई सूची जारी की है। इस सूची में 12 नए अपराधियों को शामिल किया गया है, जो विभिन्न जघन्य अपराधों में वांछित हैं और जिन पर लाखों रुपये के इनाम घोषित हैं। एडीजी दिनेश एमएन ने जयपुर,जोधपुर के पुलिस आयुक्तों, समस्त रेंज महानिरीक्षक पुलिस, पुलिस उपायुक्तों, समस्त जिला पुलिस अधीक्षकों, जीआरपी और एटीएस,एसओजी सहित सभी पुलिस अधिकारियों को इन चिन्हित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गहन प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। एडीजी एमएन ने बताया कि हमने राज्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जनता में विश्वास बहाल करने का संकल्प लिया है ये 25 अपराधी समाज के लिए बड़ा खतरा हैं, और इनकी गिरफ्तारी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस की सभी इकाइयां तालमेल के साथ काम करेंगी ताकि कोई भी अपराधी बच न पाए। जनता से भी हमारा आग्रह है कि वे किसी भी सूचना को बेझिझक पुलिस के साथ साझा करें। दिनेश एमएन ने सभी सर्वाधिक अधिकारियों को रेंज स्तर पर भी 10 सर्वाधिक सक्रिय वांछित अपराधियों का चयन करने और की गई कार्रवाई की मासिक प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से भिजवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि राज्य के हर कोने में अपराधियों पर लगातार दबाव बना रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, नहीं हुई मृतक की शिनाख्त

जयपुर। जवाहर सर्किल थाना इलाके में स्थित गौरव टावर के पीछे ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जयपुरिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से पुलिस ने मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किए। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने बताया कि 12 जुलाई रात्रि 8 बजे युवक रेलवे ट्रैक पार रहा था। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी की युवक उछलकर दूर जाकर गिरा, जिससे उसका सिर फट गया और शरीर पर जगह-जगह गंभीर चोट आई। मृतक की उम्र करीब 50-55 साल और शरीर से हृष्ट-पुष्ट है। उसने खाकी कलर की पेंट और सफेद कलर की शर्ट पहने हुए है। पुलिस मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास करने में जुटी है।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवती से दुष्कर्म

जयपुर। सांगानेर थाना इलाके में एक शातिर बदमाश ने युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नौकरी लगवाने का झांसा दिया और इंटरव्यू का झांसा देकर मिलने के लिए होटल में बुलाया। जहां पर शातिर बदमाश ने नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर नशे की हालत में युवती से दुष्कर्म किया। होश में आने के बाद युवती से आरोपी की हरकतों का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी। पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एसीपी सांगानेर विनोद शर्मा ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 21 वर्षीय युवती की आरोपी से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। जिसके बाद दोनों में मोबाइल फोन पर बात होने लगी। आरोपी ने 14 जुलाई को अच्छी कंपनी में नौकरी लगाने का झांसा देकर इंटरव्यू के नाम से मुलाकात करने के लिए बुलाया और नशे की हालत में दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### रक्तदान शिविर 165 यूनिट रक्त एकत्रित

जयपुर। क्षेत्र के अजमेर-दिल्ली हाईवे स्थित बढारना के वृंदावन विहार में शुक्रवार को मिलन सोलर ग्रुप के तत्वाधान में। रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 165 यूनिट रक्त दान किया। रक्तदान शिविर में बंसल ब्लड बैंक की टीम की उपस्थिति में रक्त संग्रहण की प्रक्रिया सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। शिविर के आयोजनकर्ता महेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है।शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में समाजसेवी, स्थानीय नागरिकों और युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

### अश्लील वीडियो वायरल के मामलें में शिक्षा मंत्री ने कार्रवाई करने के आदेश दिए

जयपुर। चित्तौड़गढ़ के बेगूं क्षेत्र में आंवलहेड़ा स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक द्वारा बच्चों के साथ अश्लील हरकतें करने का बेहद अश्लील वीडियो वायरल हो रहा है। मामला संज्ञान में आते ही शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है तथा शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को आरोपी शिक्षक के खिलाफ कठोरता कार्रवाई करने के आदेश दिए। दिलावर ने कहा कि आरोपी शिक्षक शंभू लाल धाकड़ ने मर्यादा की सारी हदें पार कर दी है। ऐसे शिक्षक समाज पर कलंक है। जो समाज और शिक्षा के मंदिर को कलंकित कर रहे है। इन्हें ऐसा दंड दिया जाएगा जो अन्य के लिए एक नजीर बने। मैंने अधिकारियों को इस शिक्षक को कठोर से कठोर सजा देने के लिए कहा है।

### बांध लबालब हुए

जयपुर/छबड़ा। क्षेत्र में इन दिनों लगातार रुक-रुक कर बारिश के दौर देखने को मिल रहे है, क्षेत्र में गुरुवार सुबह 7 बजे से लेकर शुक्रवार शाम 4 बजे तक 71 एमएम बारिश दर्ज की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गुरुवार सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। शुक्रवार को भी दिन भर रुक-रुक कर बारिश हुई। क़स्बे में गुरुवार सुबह 7 बजे से शुक्रवार शाम 4 बजे तक लगभग 71 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश होने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है।

## जयपुर में म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के रोड शो का सफलतापूर्वक समापन

जयपुर। मध्य प्रदेश और राजस्थान के पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने तथा मध्य प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा शुक्रवार को जयपुर के जय महल होटल में रोड शो का आयोजन किया गया।

यह रोड शो मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट (अक्टूबर 2025) और रीवा (26 एवं 27 जुलाई 2025), ग्वालियर (अगस्त 2025) एवं इंदौर (सितंबर 2025) में होने वाले रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव की पूर्व तैयारियों के दृष्टिगत आयोजित किया गया। इस रोड शो में फिल्म निर्माता एवं इंफ्लुएंसर्स भी प्रमुखता से सम्मिलित हुए। अपर प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड सुबिदिशा मुखर्जी ने कहा कि "मध्य प्रदेश को हिंदुस्तान के दिल के रूप में जाना जाता है, और यह उपाधि केवल भौगोलिक दृष्टि से नहीं, बल्कि इसकी सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहरों, समृद्ध प्रकृति और हृदय से किए गए अतुलनीय आतिथ्य सत्कार के कारण भी है। मध्य प्रदेश ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है, यहां पर्यटकों के लिए वह सब कुछ उपलब्ध है, जो उनका दिल चाहता है। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड का उद्देश्य प्रदेश के अनछुए पहलुओं को देश और दुनिया के सामने लाना है।

- पर्यटन व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, होटल इंडस्ट्री के हितधारक, फिल्म निर्माता और इंफ्लुएंसर्स हुए शामिल

हम लगातार ऐसे प्रयास कर रहे हैं जिससे पर्यटन गंतव्य केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित न रहे, बल्कि यह एक अनुभव बने - संस्कृति का, खानपान का, लोक कलाओं और लोक जीवन का। हमारा ध्यान आज के समय की ज़रूरतों के अनुसार अनुभवात्मक, सस्टेनेबल और लोकल कम्युनिटी को सशक्त करने वाले पर्यटन स्वरूप पर है।

## रिफाइनरी व आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण के निर्देश

जयपुर। खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम राजस्थान रिफाइनरी में 87.9 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है उन्होंने सल्फर रिकवरी यूनिट के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए है। प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को सचिवालय में रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ विस्तार से प्रगति समीक्षा की। उन्होंने रिफाइनरी कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश के साथ ही रिफाइनरी व आसपास के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधारोपण के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए भी कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाएं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं रिफाइनरी क्षेत्र का दौरा कर रिफाइनरी परिसर में अधिकारियों से बैठक कर रिफाइनरी कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते रहे हैं। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी की 10 प्रोसेस इकाइयों का करीब 94 से 98 प्रतिशत तक काम पूरा हो गया है। परियोजना क्षेत्र में करीब 87.9 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

## गरीबी और प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग सबसे बड़ा कारण ''यह एक गंभीर, संगठित अपराध है'': डीजीपी मालिनी अग्रवाल

जयपुर। मानव तस्करी पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में शुरू हुआ। यह पहल राजस्थान पुलिस मुख्यालय की सिविल राइट्स एवं एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग शाखा द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के तहत की जा रही है। सम्मेलन में मुख्य रूप से बंधुआ मजदूरी, यौन तस्करी और सीमा पार तस्करी जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

